

टीबी से बचाव के लिए जरूरी है सावधानियां 4

Website:- www.Janmarg.com

TITLE CODE:- T/RJ/2024/211

e-mail :morningjanmarg@gmail.com

निष्पक्ष एवं निर्भीक दैनिक


# जनमार्ग

लोकतंत्र व निष्पक्षता का मार्ग प्रातःकालीन समाचार पत्र

वर्ष : 2 ● अंक : 10 ● श्रीगंगानगर, शुक्रवार, 21.03.2025 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 2 रुपये ● मो. 93526-86083, 77421-86692, 0154-2970692


## बिहार सीएम नीतीश कुमार ने राष्ट्रगान रुकवाया

जनमार्ग न्यूज



**पटना।** बिहार के सीएम नीतीश कुमार ने गुरुवार को पटना के एक कार्यक्रम में राष्ट्रगान को शुरू होने से पहले रुकवा दिया। उन्होंने मंच से इशारों में कहा, पहले स्टेडियम का चक्कर लगाकर आते हैं, फिर शुरू कीजिएगा। सीएम का संकेत मिलते ही मंत्री विजय चौधरी ने राष्ट्रगान बंद करा दिया। दरअसल, सीएम पाटलिपुत्र खेल परिसर में सेपक टाकरा वर्ल्ड कप 2025 का उद्घाटन करने पहुंचे थे। राष्ट्रगान रुकवाने के बाद वे स्टेडियम का चक्कर लगाने के लिए निकल गए। फिर कुछ देर बाद मंच पर लौट आए। फिर से राष्ट्रगान शुरू हुआ। इस दौरान नीतीश हाथ हिलाकर लोगों का अभिवादन करते रहे। जब प्रधान सचिव दीपक कुमार ने यह देखा तो उन्होंने हाथ देकर रोकना चाहा। उन्हें सावधान मुद्रा में रहने का इशारा किया, लेकिन वह तब भी नहीं माने और पत्रकारों की तरफ देखकर प्रणाम करने लगे।

# तीसरी बार बढ़ाई पंचायतों के पुर्नगठन की तारीख

» अब 30 मार्च तक प्रस्ताव तैयार करने के आदेश » 4 जून तक पूरा होगा काम

जनमार्ग न्यूज



**जयपुर।** राजस्थान में ग्राम पंचायत और पंचायत समितियों के पुनर्गठन के काम के बीच अब सरकार ने एक बार फिर इसकी तारीखों में परिवर्तन किया है। ग्रामीण एवं पंचायती राज विभाग ने एक आदेश जारी करके सभी जिला कलेक्टर्स को पुनर्गठन के प्रस्ताव तैयार करने की आखिरी तारीख को 25 मार्च से ब?ाकर 30 मार्च कर दिया है। ये दूसरा मौका है, जब विभाग ने ये तारीख ब?ाई है। इससे पहले विभाग ने 12 फरवरी को आदेश जारी करके इस समय-सीमा को 18 फरवरी से बढ़ाकर 25 मार्च तक किया था। हाल ही में जारी किए नए आदेशों में विभाग ने इन प्रस्तावों को व्यवहारिक रूप से तैयार करने के लिए कहा है। इसके तहत आमजन और जनप्रतिनिधियों से सुझाव लेकर ही प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए है। सूत्रों के मुताबिक पंचातयों के पुनर्गठन को लेकर पिछले कुछ समय से लगातार जनप्रतिनिधि नाराज है। उनका आरोप है कि अधिकारी मनमर्जी से ग्राम पंचायतों और पंचायत समितियों का एरिया निर्धारित कर रहे है। इन शिकायतों को देखते हुए विभाग ने अब इसकी तारीख को 25 से बढ़ाकर 30 मार्च कर दिया है साथ ही इसमें जनप्रतिनिधियों और आमजन की राय को शामिल करते हुए प्रस्ताव तैयार करने के आदेश दिए है। इस नए आदेश के बाद अब प्रदेशभर में पंचायतों के पुनर्गठन का काम अप्रेल में पूरा होने के बजाए 4 जून तक पूरा होगा। नए आदेश के मुताबिक 30 मार्च तक तैयार प्रस्तावों को प्रकाशित करवाने के बाद ,उन पर आपत्तियां और सुझाव मांगे जाएंगे, जिसके लिए 31 मार्च से 30 अप्रैल तक का समय निर्धारित किया है। प्राप्त आपत्तियों के निपटारे की समय सीमा 1 से 10 मई तक निर्धारित की है। आपत्तियों के निपटारा करने के बाद राज्य सरकार को फाइनल प्रस्ताव भिजवाने के लिए 11 से 20 मई तक और सरकार के स्तर पर उन प्रस्तावों को मंजूरी देने के लिए 21 मई से 4 जून तक की समय सीमा निर्धारित की है।

## छत्तीसगढ़ में दो मुठभेड़, 30 नक्सली मारे गए

जनमार्ग न्यूज

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर इलाके में गुरुवार सुबह से जारी दो मुठभेड़ में 30 नक्सली मारे गए हैं। पहली मुठभेड़ बीजापुर-दंतेवाड़ा बॉर्डर पर और दूसरी कांकेर-नारायणपुर सीमा पर हुई। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बीजापुर में 26 और कांकेर में 4 नक्सली मारे गए। बीजापुर की मुठभेड़ में डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) का एक जवान भी शहीद हुआ है। बस्तर आईजी सुंदरराज पी. ने बताया कि घटनास्थल से नक्सलियों के शव और कई ऑटोमैटिक हथियार बरामद किए गए हैं। इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। इधर, तीसरी घटना में नारायणपुर-दंतेवाड़ा बॉर्डर पर स्थित थुलथुली इलाके में आईईडी ब्लास्ट की चपेट में आने से दो जवान जख्मी हो गए।

## एलन मस्क की कंपनी एक्स मोदी सरकार के खिलाफ पहुंची हाईकोर्ट

● अधिकारी कंटेंट ब्लॉक कर रहे, यह आईटी एक्ट का दुरुपयोगः एक्स

जनमार्ग न्यूज



**नई दिल्ली।** इलॉन मस्क के सोशल प्लेटफार्म एक्स ने कर्नाटक हाईकोर्ट में भारत सरकार के खिलाफ एक याचिका दायर की है। इसमें कहा गया है कि भारत सरकार के अफसर एक्स पर कंटेंट ब्लॉक कर रहे हैं, यह आईटी एक्ट की धारा 79(3)(बी) का गलत इस्तेमाल है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, याचिका में कहा गया है कि सेंसरशिप का यह तरीका पूरी तरह से गैरकानूनी और अभिव्यक्ति के अधिकार का उल्लंघन है। यह याचिका कब दायर की गई, इसके बारे में जानकारी सामने नहीं आई है। सोशल मीडिया कंपनी का कहना है कि अगर कंटेंट इतनी आसानी से हटने लगें तो वे यूजर्स का भरोसा खो देंगे, जिससे कंपनी के कारोबार पर असर पड़ेगा। सहयोग पोर्टल के जरिए कंटेंट हटा रही सरकार एक्स कार्प ने आरोप लगाया कि सरकार 'सहयोग' नाम के पोर्टल के जरिए कंटेंट को ब्लॉक करती है। इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर इस पोर्टल का संचालन करती है।

## तेज रफ्तार ट्रक कार पर पलटा, छह की मौत

जनमार्ग न्यूज

**बीकानेर।** बीकानेर में एक तेज रफ्तार ट्रक पास चल रही कार पर पलट गया। कार में सवार 6 चचेरे भाइयों की मौत हो गई। सभी लोग शादी समारोह से लौट रहे थे। हादसे के बाद करीब आधे घंटे तक घायल ट्रक के नीचे ही दबे रहे। एक्सीडेंट देशनोक में बुधवार देर रात करीब 11 बजे हुआ। जानकारी के अनुसार करणी मंदिर के पास रेलवे क्रासिंग पर बने पुल पर ये एक्सीडेंट हुआ। एक ट्रक नोखा से बीकानेर की ओर आ रहा था। तभी ये असंतुलित होकर नोखा की ओर जा रही कार पर पलट गया। कार पूरी तरह से सड़क पर पिचक गई। इस कार में 6 लोग थे। हादसे के आधे घंटे तक सभी घायल ट्रक के नीचे दबे रहे।

# श्रीगंगानगर में शीशम की तस्करी का भंडाफोड़

● एक तस्कर गिरफ्तार, 8 आरोपी फरार
● पिकअप में मिली 4 पेड़ों की लकड़ियां

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर जिले में वन विभाग ने गुरुवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए हरी शीशम की लकड़ी से भरी एक पिकअप गाड़ी को जब्त किया है। इसके साथ ही एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। वहीं, गिरोह के 8 अन्य बदमाश फरार हो गए। यह कार्रवाई वन विभाग द्वारा नहर किनारे लगे पेड़ों की तस्करी करने वाले गिरोह के खिलाफ की गई। विभाग की टीम काफी समय से इस गिरोह का पीछा कर रही थी, जो बड़े हरे पेड़ों को काटकर तस्करी कर बेचता था। वन विभाग को सूचना मिली थी कि एक गिरोह श्रीगंगानगर जिले के विभिन्न स्थानों से बड़े पेड़ काटकर उन्हें पंजाब में बेचने की योजना बना रहा है। विभाग ने इस गिरोह के एक बदमाश सेवक सिंह, निवासी 11 एसजेएम को गिरफ्तार किया है। हालांकि, गिरोह के आठ अन्य बदमाश फरार हो गए हैं। वन विभाग ने जब्त पिकअप गाड़ी से चार कटे हुए शीशम के पेड़ों की लकड़ी बरामद की है। इसके अलावा विभाग ने तस्करों द्वारा एस्कॉर्ट के रूप में इस्तेमाल की जा रही एक बाइक भी जब्त की है। यह बाइक वन विभाग से बचने के लिए तस्करों द्वारा इस्तेमाल की जा रही थी। पूरी घटना लालगढ़ थाना क्षेत्र के एलएलजी नहर पर बुर्जी नंबर 7 के पास हुई, जहां तस्कर शीशम के पेड़ों को काटकर उन्हें पिकअप में लोड कर रहे थे। तस्करों ने अपनी गतिविधियों को छिपाने के लिए पिकअप गाड़ी को काले प्लास्टिक की चादर से ढक रखा था, ताकि किसी को संदेह नहीं हो।

## नारे लिखी टीशर्ट पहनकर पहुंचे विपक्षी सांसद

जनमार्ग न्यूज

**नई दिल्ली।** बजट सत्र के सातवें दिन गुरुवार को डीएमके और कई विपक्षी सांसद नारे लिखी टी शर्ट पहनकर संसद में पहुंचे। विपक्ष की नारेबाजी और नियमों के उल्लंघन के कारण लोकसभा और राज्यसभा में कोई भी कामकाज नहीं हो सका। संसद शुक्रवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा में डीएमके के सांसद जो टीशर्ट पहनकर पहुंचे थे, उस पर केंद्र के प्रस्तावित परिसीमन के खिलाफ लिखा था- तमिलनाडु लड़ेगा और जीतेगा। इसे देखकर लोकसभा स्पीकर ओम बिरला नाराज हो गए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि सांसद जब टीशर्ट बदलकर आएंगे तभी सदन चलेगा। डीएमके सदस्यों ने केंद्र के प्रस्तावित परिसीमन पर अपनी चिंताओं को लेकर दोनों सदनों में विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद लोकसभा पहले दोपहर 12 बजे, फिर 2 बजे और उसके बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई।

## एक्सप्रेस वे पर 1 क्विंटल डोडा पोस्त बरामद, 2 कारें जब्त

● राजियासर पुलिस ने 4 तस्करों को किया गिरफ्तार

जनमार्ग न्यूज



**सूरतगढ़।** सूरतगढ़ सर्किल की राजियासर थाना पुलिस ने एक क्विंटल डोडा पोस्त के साथ 2 कार में सवार 4 तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस कार्रवाई को अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेस वे पर नाकाबंदी के दौरान अंजाम दिया। वहीं, पुलिस ने परिवहन में प्रयुक्त दोनों कारों को जप्त कर लिया। इसे लेकर थाना में आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया गया है। जिला पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने गुरुवार शाम को खुलासा करते हुए बताया कि श्रीगंगानगर जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए जिला प्रशासन और जिला पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में ऑपरेशन सीमा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत पुलिस मेडिकेटेड नशा, मादक पदार्थों के खिलाफ कार्रवाई में जुटी है। इसी को लेकर राजियासर थानाधिकारी सतीश कुमार ने पुलिस जाप्ते के साथ गुरूवार को अमृतसर-जामनगर एक्सप्रेस वे पर रोही एटा के पास नाकाबंदी कर रखी थी। इसी दौरान बीकानेर की ओर से आ रही है एक कार को रोककर तलाशी ली तो उसमें 59 किलो 890 ग्राम डोडा पोस्त बरामद किया गया। इस संबंध में कार सवारों से जानकारी चाही तो वे कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। पूछताछ कार सवारों ने अपनी पहचान मानक सिंह (37) पुत्र श्याम सिंह निवासी वार्ड नंबर 19, पीलीबंगा और शिवकुमार (52) पुत्र जोतराम निवासी वार्ड नंबर 21 पीलीबंगा, जिला हनुमानगढ़ होना बताया, इस पर पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं, परिवहन में प्रयुक्त कार को भी जप्त कर थाने में खड़ा करवा दिया। इसी तरह दूसरी कार्रवाई भी थानाधिकारी सतीश यादव के नेतृत्व में अंजाम दी गई जब एक्सप्रेस वे पर ही नाकाबंदी के दौरान एक अन्य कार को रोककर तलाशी ली तो उसमें 39 किलो 750 ग्राम डोडा पोस्त बरामद किया गया।

## शंभू बॉर्डर 13 महीने बाद खुला, हाईवे शुरू

● खनौरी बॉर्डर से भी बैरिकेडिंग हटी
● पंजाब में 5 जगह पुलिस और किसानों की झड़प

जनमार्ग न्यूज



**चंडीगढ़।** किसान आंदोलन की वजह से 13 महीने से बंद हरियाणा-पंजाब का शंभू बॉर्डर गुरुवार (20 मार्च) को खुल गया है। अंबाला से पटियाला के बीच दोनों लेन पर ट्रैफिक चालू हो गया है। इससे पंजाब से हरियाणा और दिल्ली आने-जाने वालों को राहत मिलेगी। वहीं दिल्ली-पटियाला हाईवे पर बने खनौरी बॉर्डर पर हरियाणा पुलिस ने अपने क्षेत्र की दोनों लेन खोल दी हैं। वहां से सीमेंट की बैरिकेडिंग हटा ली गई है। हालांकि पंजाब की तरफ अभी किसानों की ट्रैक्टर ट्रालियां खड़ी हैं, जिस वजह से सिर्फ टू-व्हीलर की ही आवाजाही शुरू हो पाई है। बुधवार (19 मार्च) रात को पुलिस ने शंभू और खनौरी बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे किसानों को हटा दिया था। इसके खिलाफ पंजाब के सभी जिलों में किसानों ने प्रदर्शन किया। हाईवे जाम करने की कोशिश में 5 जिलों- बठिंडा, मुक्तसर, मोगा, फरीदकोट व होशियारपुर में किसानों की पुलिस से झड़प भी हुई। पंजाब के हालात देखते हुए पंजाब सीएम भगवंत मान ने शाम 7 बजे कैबिनेट की इमरजेंसी मीटिंग बुलाई है। उधर, हरियाणा के किसानों ने ष्टरूनायब सैनी को मांगें मानने के लिए 1 महीने का अल्टीमेटम दिया है। गुरुवार को कुरुक्षेत्र में सीएम का घर घेरने पहुंचे इन किसानों को पुलिस ने रोक लिया था।

# प्रतिष्ठित व्यापारी को अज्ञात युवकों ने मारपीट कर धमकाया

● अंबिका सोलर एंड पंप्स फर्म के संचालक से हुई मारपीट ● घटना के 19 दिन बाद व्यापारी राज बंसल ने दर्ज करवाया मुकदमा

जनमार्ग न्यूज



**श्रीगंगानगर।** श्रीगंगानगर में लक्कड़ मंडी रोड पर स्थित प्रतिष्ठित फर्म अंबिका सोलर एंड पंप्स के संचालक राज बंसल (55) निवासी अंबिका सिटी,पदमपुर रोड से मोटरसाइकिल पर सवार तीन अज्ञात युवकों द्वारा मारपीट करने और उनको धमकियां देने का मामला सामने आया है। कोतवाली पुलिस ने राज बंसल (पुत्र सतपाल बंसल)द्वारा दी गई रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर हवलदार मुकेशचंद्र मीणा को जांच दी है। उक्त घटना एक मार्च की देर शाम की है, जिसका मुकदमा 19 दिन बाद कल शाम दर्ज करवाया गया। पुलिस को दी रिपोर्ट में राज बंसल ने बताया कि वह 1 मार्च की शाम 7·30 बजे रोजाना की तरह लक्कड़ मंडी रोड पर अपनी फर्म को मंगल करने के पश्चात इनोवा गाड़ी से बीरबल चौक और बल्लूराम गोदारा गर्ल्स कॉलेज रोड होते हुए अंबिका सिटी जा रहा था। पदमपुर मार्ग पर कोढिया पुली के नजदीक जब उसकी गाड़ी पहुंची तो तीन लड़के मोटरसाइकिल पर आए। उन्होंने मोटरसाइकिल आगे लगाकर उसकी गाड़ी को रोक दिया। एक युवक इनोवा के आगे बोनट पर हाथ रखकर खड़ा हो गया। दो युवक उसकी तरफ आए और गाड़ी के शीशे पर हाथ मारने लगे। राज बंसल के अनुसार डर के मारे उन्होंने शीशा नीचे कर दिया। तभी एक युवक ने हाथ अंदर डालकर खिड़की खोल ली। दोनों युवक खिड़की से उसे बाहर खींचने लगे। खुद को बचाने के लिए जैसे ही उन्होंने अपने आप को कंडक्टर साइड में किया तो तीनों युवक एक राय होकर मारपीट करने लगे। उक्त युवकों ने उसकी आंख और मुंह पर लगातार मुक्के मारे। राज बंसल के मुताबिक उक्त युवक मारपीट करते हुए गालियां देने लगे और कहा कि-तुझे पहले कितनी बार समझा चुके हैं। तू मान नहीं रहा है। राज बंसल के मुताबिक जवाब में जब उसने कहा कि वह उन्हें नहीं जानता और ना ही कभी उनसे बातचीत हुई है, तो गालियां निकालते हुए युवक कहने लगे कि तू अपने आप समझ जाएगा कि हम क्या कह रहे हैं। इस दौरान वहां आने जाने वाले लोग भी उससे मारपीट होते हुए देखने लगे। भीड़ इकट्ठा होते देखकर उक्त युवक धमकाते हुए कह गए कि यह तो ट्रेलर है।यदि बात नहीं मानी तो सोचो पूरी फिल्म कैसी होगी। उन्होंने यह भी धमकी दी की कहीं शिकायत की तो तेरे पूरे खानदान का नाम लेने वाला नहीं बचेगा।

## अमेरिकी शिक्षा विभाग बंद करने का तैयारी में ट्रम्प

जनमार्ग न्यूज

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अमेरिकी शिक्षा विभाग बंद करने के लिए एक एग्जीक्यूटिव ऑर्डर पर हस्ताक्षर करने की योजना बना रहे हैं। ट्रम्प का यह फैसला अमेरिका में शिक्षा सुधार से जुड़े उनके एजेंडे का हिस्सा है। ट्रम्प ने हाल के दिनों में इस एजेंसी के वर्कफोर्स में भारी कटौती की है। इसके बाद भी यह एजेंसी स्कूलों के लिए फंडिंग प्रोग्राम की देखरेख कर रही है। ट्रम्प ने शिक्षा विभाग को बेकार और उदारवादी विचारधारा से प्रभावित बताया है। ट्रम्प का मानना है कि मौजूदा एजुकेशन सिस्टम छात्रों के लिए अच्छा नहीं है और इसमें कई बदलाव की जरूरत है। उनका कहना है कि शिक्षा विभाग का स्कूलों पर बहुत ज्यादा कंट्रोल है।


अपने आसपास की ताजा घटनाओं एवं दुर्घटनाओं की जानकारी व फोटो मो. 94140-87692, 77421-86692, 93526-86083 पर देवें। E-mail: Morningjanmarg@gmail.com

सम्पादकीय

## जड़ों पर कर दिया प्रहार


यूक्रेन के साथ रूस का संघर्ष ही इस बात को लेकर है कि यूक्रेन नाटो की सदस्यता लेना चाहता है। नाटो पश्चिमी देशों का संगठन है और यूक्रेन अब भी उस पाले में शामिल रहने की जिद पर है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप किसी भी हाल में रूस-यूक्रेन संघर्ष रोकने के लिए प्रतिबद्ध हैं। कई बार दावा भी कर चुके हैं कि वे यह युद्ध जल्दी ही समाप्त करा देंगे। इस सिलसिले में उन्होंने पहले यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की से बातचीत की, उन्हें चेतावनी भी दी और फिर यूक्रेन को दी जाने वाली सैन्य और वित्तीय मदद पर रोक लगा दी। यूक्रेन एक तरह से असहाय नजर आने लगा है। अब ट्रंप ने इस मुद्दे पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन से फोन पर बातचीत की और पूरी तरह युद्ध रोकने का प्रस्ताव रखा। मगर रूस ने भी इसके लिए अपनी कुछ शर्तें रख दी हैं। उसका कहना है कि अमेरिका और उसके सहयोगियों को इसके लिए सैन्य और खुफिया सूचनाएं उपलब्ध कराना पूरी तरह बंद करना होगा। हालांकि पुतिन इस बात के लिए राजी हो गए कि रूस तीस दिनों तक यूक्रेन के ऊर्जा ठिकानों पर हमला नहीं करेगा। अमेरिकी प्रशासन इसे ट्रंप की बड़ी उपलब्धि बता रहा है। जबकि माना जा रहा था कि यूक्रेनी राष्ट्रपति को जिस तरह ट्रंप ने फटकार लगाई और यूक्रेन पर शिकंजा कसा है, उससे रूस बहुत आसानी से ट्रंप के प्रस्ताव को स्वीकार कर लेगा। मगर ऐसा हो न सका। दोनों नेताओं के बीच हुई इस लंबी बातचीत को एक बड़ी उपलब्धि इस अर्थ में माना जा सकता है कि पिछले तीन वर्षों से पश्चिमी देशों से बिल्कुल अलग-थलग पड़े रहे और उसके पहले तनावपूर्ण रिश्तों के बाद रूस की उनसे सीधी बातचीत संभव हो सकी है। मगर पुतिन मंजे हुए राजनेता हैं और वे ऐसे मामलों में बिल्कुल हड़बड़ी नहीं दिखाते। वे उस तरह अमेरिका के किसी दबाव में भी नहीं हैं, जिस तरह यूक्रेनी राष्ट्रपति हैं। फिर, उन्हें इस बात का भरोसा नहीं है कि अमेरिका कब तक अपने ताजा रुख पर कायम रह सकेगा। इसलिए वे जल्दबाजी में किसी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं करना चाहते। यूक्रेन के साथ रूस का संघर्ष ही इस बात को लेकर है कि यूक्रेन नाटो की सदस्यता लेना चाहता है। नाटो पश्चिमी देशों का संगठन है और यूक्रेन अब भी उस पाले में शामिल रहने की जिद पर है। इसलिए जब ट्रंप ने अमेरिकी मदद बंद करने की घोषणा की, तो यूक्रेन ने अन्य पश्चिमी देशों से मदद पाने की कोशिश शुरू कर दी। वे अब भी यूक्रेन के साथ खड़े हैं।

# वक़्फ संस्थाओं में सुधार की जरूरत

इस्लाम का आध्यात्मिक आयाम सूफीवाद एक ऐसा मार्ग है, जो प्रेम, करुणा, मानवता की सेवा और आंतरिक शुद्धि पर जोर देता है। भारत के महान सूफी संतों, जैसे हजरत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती (आरज़ेड), हजरत निजामुद्दीन औलिया (आर.ए.) और कई अन्य सूफी संतों ने सभी समुदायों के बीच शांति (अमन), सहिष्णुता और एकता के सार्वभौमिक संदेश को फैलाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। उनकी शिक्षाएं जाति, पंथ और धर्म से परे थीं और उन्होंने इंसानियत और आध्यात्मिक ज्ञान की संस्कृति को बढ़ावा दिया। इन औलिया-ए-किराम द्वारा स्थापित ख़ानक़ाह और दरगाह आध्यात्मिक मार्गदर्शन, दान, शिक्षा और सामाजिक कल्याण के केंद्र बन गए, ऐसे स्थान जहां भूखों को खाना खिलाया जाता था, बीमारों का उपचार किया जाता था और सच्चे मार्ग की खोज करने वालों को आध्यात्मिक प्रकाश प्राप्त होता था। इस्लाम की रहस्यवादी शाखा सूफीवाद ने भारत के धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

सदियों से, सूफी संतों और उनकी आध्यात्मिक शिक्षाओं ने धार्मिक और जातिगत सीमाओं को पार करते हुए बड़ी संख्या में अनुयायियों को आकर्षित किया है। अपने आध्यात्मिक प्रभाव के साथ-साथ, सूफियों ने वक़्फ़ जैसी संस्थाओं के विकास में भी योगदान दिया, जो इस्लामी कानून के तहत धर्मार्थ सेवा हेतु संपत्ति का दान है। वक्फ सूफी तीर्थस्थलों के बुनियादी ढांचे को बनाए रखने में सहायक रहा है, जिन्हें दरगाह के रूप में जाना जाता है, जो आध्यात्मिकता, सामाजिक कल्याण और सांस्कृतिक विरासत के महत्वपूर्ण केंद्रों के रूप में कार्य करते हैं। सूफीवाद और वक्फ एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। एक तरफ, सूफी खुद को अल्लाह की सेवा में समर्पित करते हैं और दूसरी तरफ वे अपनी पूरी संपत्ति को धर्म, जाति और पंथ से परे लोगों के हित और सामाजिक कल्याण में समर्पित करते हैं।

मैं वक़्फ़ की उल्लेखनीय विरासत पर एक संक्षिप्त विचार साझा करना चाहता हूं, जिसने हमारे पैगंबर हजरत मोहम्मद मुस्तफा (सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम) के समय से समाज के उत्थान में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, एक संस्था जो इस्लामी इतिहास और आध्यात्मिकता में गहराई से निहित है। वक़्फ़ के शुरुआती और सबसे गहन उदाहरणों में से एक हजरत उस्मान ए गनी (रज़ी अल्लाहु तआला अन्हु) द्वारा मदीना मुनव्वरा में स्थापित किया गया था। पानी की कमी के समय में, उन्होंने बीर-ए-रुमा कुआं खरीदा और इसे वक़्फ़ के रूप में समर्पित कर दिया, जिससे इसका पानी मदीना के लोगों को आसानी से उपलब्ध हो गया। उनकी निस्वार्थ उदारता ने इस्लाम में सबसे पहले वक़्फ़ योगदानों में से एक को चिह्नित किया। इससे भी ज़्यादा प्रेरणादायक बात यह है कि हज़रत उस्मान ए गनी (आरज़ेड) का वक़्फ़ आज भी सक्रिय है, चौदह शताब्दियों से भी ज़्यादा समय बीतने के बाद भी। बीर-ए-रुमा के आस-पास की ज़मीन को वक़्फ़ घोषित किया गया था और यह खजूर की खेती सहित आधुनिक साधनों के ज़रिए आय सृजित करता है। इस वक़्फ़ से




मिलने वाली आय का उपयोग मदीना में धर्मार्थ कार्यों के लिए किया जाता है, जिसमें अनाथों, विधवाओं और तीर्थयात्रियों की सहायता शामिल है।

यह सदाक़ा जारिया (निरंतरे दान) का एक जीवंत उदाहरण है, जो शुरुआती वक़्फ़ के लंबे समय बाद भी पीढ़ियों को लाभान्वित करता रहा है। इस दिव्य उदाहरण का अनुसरण करते हुए, भारत के सूफी संतों ने मानवता की सेवा और समाज के उत्थान के इरादे से विशाल भूमि और संपत्ति को वक्फ के रूप में समर्पित किया। इन वक्फ दानों ने खानकाह और दरगाहों की स्थापना, आध्यात्मिक मार्गदर्शन और आतिथ्य प्रदान करने, धर्म या पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना गरीबों को भोजन कराने के लिए लंगर (सामुदायिक रसोई) चलाने, वंचितों को मुफ्त शिक्षा प्रदान करने के लिए शैक्षणिक संस्थानों की स्थापना, अस्पताल और औषधालय स्थापित करने, बीमार और जरूरतमंदों को चिकित्सा उपचार प्रदान करने और अनाथों, विधवाओं और छात्रों के लिए छात्रवृत्ति प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ये पहले सूफीवाद के मूलभूत मूल्यों-सेवा, उदारता और करुणा को दर्शाती हैं और इन मूल्यों ने पूरे भारतीय इतिहास में एक सामंजस्यपूर्ण और समावेशी समाज के निर्माण में मदद की। दुर्भाग्य से, वर्तमान समय में, भारत में कई वक्फ संपत्तियों का उपयोग मंशा-ए-वाक़िफ (दाता की मूल मंशा) के अनुसार नहीं किया जा रहा है।

कई राज्य वक्फ बोर्डों में व्यापक कुप्रबंधन, भ्रष्टाचार और जवाबदेही की कमी के कारण मूल्यवान वक्फ भूमि और संस्थानों की उपेक्षा, दुरुपयोग और अवैध कब्जे हुए हैं। इसने अनगिनत लोगों को उन सेवाओं और सहायता से वंचित कर दिया है, जिन्हें ये वक्फ संपत्तियां प्रदान करने के लिए बनाई गई थीं। अपने बहुत बड़े योगदान के बावजूद, वक़्फ़ संपत्तियां और दरगाह आधुनिक भारत में कई चुनौतियों का सामना कर रही हैं। वक्फ बोर्डों के भीतर कु-प्रशासन और भ्रष्टाचार के कारण कई वक्फ भूमि पर अवैध रूप से कब्जा किया गया है या उनका दुरुपयोग किया गया है। वक्फ प्रशासन में वित्तीय कुप्रबंधन के आरोप लगे हैं, जिससे राजस्व का नुकसान हुआ है। कई लोग वक्फ के महत्व और सामुदायिक कल्याण में इसकी संभावित भूमिका से अनजान हैं, जिससे वक्फ संसाधनों का कम उपयोग हो रहा है। कई वक्फ संपत्तियां स्वामित्व को लेकर कानूनी विवादों में उलझी हुई हैं, जिससे सार्वजनिक लाभ के लिए उनके प्रभावी उपयोग में देरी हो रही है।

वक्फ संस्थाओं को मजबूत बनाने और सामुदायिक कल्याण में उनकी भूमिका बढ़ाने के लिए कुछ उपायों पर विचार किया जा सकता है। अतिक्रमण को रोकने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए वक्फ संपत्तियों के लिए डिजिटल रिकॉर्ड लागू करना, वक्फ प्रशासन की देखरेख करने और वित्तीय कुप्रबंधन को रोकने के लिए स्वतंत्र नियामक निकायों की स्थापना करना, शैक्षिक और स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर प्रबंधन के लिए वक्फ संस्थानों और निजी संस्थाओं के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करना, वक्फ योगदान के बारे में जागरूकता बढ़ाना और निर्णय लेने की प्रक्रियाओं में स्थानीय समुदायों को शामिल करना और वक्फ से संबंधित विवादों को कुशलतापूर्वक हल करने के लिए कानूनी प्रक्रियाओं को तेज करना कुछ ऐसे कदम हैं, जो उठाए जा सकते हैं। यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम वक्फ की विरासत और सूफीवाद की शिक्षाओं का सम्मान करें, यह सुनिश्चित करें कि ये पवित्र न्यास समाज को लाभान्वित करते रहें और शांति, प्रेम और मानवता की सेवा के मूल्यों को बनाए रखें।

इस्लाम की रहस्यवादी शाखा सूफीवाद ने भारत के धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक परिदृश्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सदियों से, सूफी संतों और उनकी आध्यात्मिक शिक्षाओं ने धार्मिक और जातिगत सीमाओं को पार करते हुए बड़ी संख्या में अनुयायियों को आकर्षित किया है। अपने आध्यात्मिक प्रभाव के साथ-साथ, सूफियों ने वक़्फ़ जैसी संस्थाओं के विकास में भी योगदान दिया, जो इस्लामी कानून के तहत धर्मार्थ सेवा हेतु संपति का दान है। वक्फ सूफी तीर्थस्थलों के बुनियादी ढांचे को बनाए रखने में सहायक रहा है, जिन्हें दरगाह के रूप में जाना जाता है, जो आध्यात्मिकता, सामाजिक कल्याण और सांस्कृतिक विरासत के महत्वपूर्ण केंद्रों के रूप में कार्य करते हैं।

## सुनहरा लम्हा : अंतरिक्ष यात्रियों के लिए खुले रास्ते

नासा की अनुभवी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके साथी बुच विल्मोर, जो पिछले नौ महीने से अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर थे, आज सफलतापूर्वक धरती पर लौट आए हैं। स्पेस एक्स के ड्रैगन कैप्सूल की मदद से उन्होंने मेक्सिको की खाड़ी में सुरक्षित लैंडिंग की। सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर जून 2024 में बोइंग के स्टारलाइनर के साथ परीक्षण उड़ान के लिए अंतरिक्ष में गए थे। हालांकि, स्टारलाइनर में तकनीकी खामी के कारण उनकी वापसी में देरी हुई, जिससे वे नौ महीने तक अंतरिक्ष स्टेशन पर रहे। उनकी वापसी के लिए स्पेस एक्स का क्रू-10 मिशन लॉन्च किया गया था, जो सफलतापूर्वक उन्हें धरती पर वापस लाया। यह मिशन न केवल तकनीकी दृष्टि से महत्वपूर्ण रहा, बल्कि इससे वैज्ञानिकों को अंतरिक्ष में लंबे समय तक रहने के प्रभावों को समझने में भी मदद मिलेगी। इससे नासा और अन्य अंतरिक्ष एजेंसियों को भविष्य के गहरे अंतरिक्ष अभियानों, जैसे कि मंगल पर मानव मिशन की योजना बनाने में सहायता मिलेगी। यह मिशन भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए मूल्यवान डेटा प्रदान करेगा और अंतरिक्ष यान तकनीक के सुधार में सहायक सिद्ध होगा। सुनीता विलियम्स और उनके जैसे अनुभवी अंतरिक्ष यात्री भविष्य के चंद्र और मंगल अभियानों में अहम भूमिका निभा सकते हैं। नासा और अन्य स्पेस एजेंसियां अब दीर्घकालिक अंतरिक्ष मिशनों की तैयारी कर रही हैं, जिनमें अंतरिक्ष में रहने के नए तरीके, कृत्रिम गुरुत्वाकर्षण की संभावनाएं और अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने की रणनीतियां शामिल हैं। इसके अलावा, स्टारलाइनर जैसी तकनीकों में सुधार कर, अंतरिक्ष अन्वेषण को अधिक सुरक्षित और कुशल बनाया जाएगा। अंतरिक्ष में मानव उपस्थिति को और विस्तारित करने के लिए वैज्ञानिक शोध जारी रहेंगे, जिससे भविष्य में मंगल और उससे आगे की यात्राएँ संभव हो सकेंगी। सुनीता विलियम्स भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री हैं, जिनका भारत से गहरा जुड़ाव रहा है। उनके पिता भारतीय मूल के हैं और उन्होंने कई बार भारत के प्रति अपने प्रेम को व्यक्त किया है। भारत में अंतरिक्ष विज्ञान और अनुसंधान की बढ़ती उपलब्धियों के बीच, सुनीता विलियम्स एक प्रेरणास्रोत बनी हुई हैं। इसरो भी अब मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम, गगनयान की दिशा में तेजी से बढ़ रहा है। इसरो ने हाल ही में गगनयान के लिए प्रमुख परीक्षण पूरे किए हैं और आने वाले वर्षों में भारत के पहले मानव अंतरिक्ष मिशन को लॉन्च करने की योजना बना रहा है। सुनीता विलियम्स की उपलब्धियां न केवल भारतीय वैज्ञानिकों बल्कि देश के युवाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत हैं। उनकी सफलता यह दिखाती है कि भारतीय मूल के लोग वैश्विक वैज्ञानिक समुदाय में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। भविष्य में, इसरो और नासा के बीच सहयोग बढ़ सकता है, जिससे भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को और मजबूती मिलेगी। सुनीता विलियम्स न केवल एक उत्कृष्ट अंतरिक्ष यात्री हैं, बल्कि एक प्रेरणादायक व्यक्तित्व भी हैं। उनका सफ़र यह दर्शाता है कि कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और विज्ञान के प्रति जुनून कैसे किसी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकता है। उन्होंने विशेष रूप से महिलाओं और युवा वैज्ञानिकों को प्रेरित किया है कि वे अंतरिक्ष अनुसंधान और विज्ञान के क्षेत्र में आगे बढ़ें। उन्होंने कई मौकों पर भारतीय छात्रों और युवाओं को वैज्ञानिक क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया है। उनके अनुभव और उपलब्धियां न केवल अंतरिक्ष क्षेत्र बल्कि विज्ञान और तकनीक में रुचि रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति के लिए एक प्रेरणा हैं। उनकी कहानी यह संदेश देती है कि सीमाएं केवल मानसिकता में होती हैं और यदि कोई लक्ष्य निर्धारित किया जाए, तो उसे प्राप्त किया जा सकता है। सुनीता विलियम्स और उनके जैसे अनुभवी अंतरिक्ष यात्री भविष्य के चंद्र और मंगल अभियानों में अहम भूमिका निभा सकते हैं। नासा और अन्य स्पेस एजेंसियां अब दीर्घकालिक अंतरिक्ष मिशनों की तैयारी कर रही हैं, जिनमें अंतरिक्ष में रहने के नए तरीके, कृत्रिम गुरुत्वाकर्षण की संभावनाएं और अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभावों को कम करने की रणनीतियां शामिल हैं। सुनीता विलियम्स की यह वापसी अंतरिक्ष अन्वेषण के क्षेत्र में एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि है। यह मिशन भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए मूल्यवान डेटा प्रदान करेगा और अंतरिक्ष यान तकनीक के सुधार में सहायक सिद्ध होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सुनीता विलियम्स की सफल वापसी पर बधाई दी और उनके साहस तथा समर्पण की सराहना की।

## साधना से ही मिलता है वास्तविक सुख

अधिकांश व्यक्ति आज भौतिक मूल्यों के उपासक बन गए हैं। इस कारण जीवन के धर्म एवं मर्म को भुला बैठे हैं। उनकी इस उपासना ने दुनिया के बाह्य जगत को बड़ा सुहावना, लुभावना और आकर्षक बना दिया है। जबकि वास्तविक सुख आंतरिक सौंदर्य, अंतर्जगत की जागृति एवं अंतर्यात्रा से ही संभव है। भौतिक आकर्षण के पीछे मनुष्य दौड़ रहा है। यदि वह क्षण भर रुककर गंभीरता से सोचे तो उसे पता चलेगा कि यह सब भ्रम जाल है। जीवन वह नहीं, जिसे वह जी रहा है। संत एकनाथ ने कहा है कि धन जोड़कर भक्ति का दिखावा करने से कोई लाभ नहीं, क्योंकि ऐसा करने से मन में वासना और भी बढ़ जाएगी और जिनका चित्त वासना में फंसा हुआ है, उन्हें अंतरात्मा के दर्शन कैसे हो सकते हैं। वास्तविक सुख पाने के लिए व्यक्ति भक्ति यानी साधना की ओर प्रवृत्त होता है। स्थायी सुख की प्राप्ति भक्ति पर ही निर्भर है। भक्ति से मन को वश में करना है और मन को वश में करने का सरल उपाय है उसे परमात्मा के हेतु निरंतर भले कार्यों में लगाए रखना। महात्मा गांधी ने प्रेमा बहन के नाम लिखे पत्र में लिखा है-जो लोग कृष्ण-कृष्ण कहते हैं वे उसके पुजारी नहीं हैं। जो उनका काम करते हैं, वे ही पुजारी हैं। रोटी-रोटी कहने से पेट नहीं भरता, अपितु रोटी खाने से ही भरता है। मन को वश में लाने का अभ्यास अनेक प्रकार का होता है। इन अभ्यासों को ही भक्ति यानी साधना कहा गया है। जिस व्यक्ति ने स्वयं को शांति-अशांति, मान-अपमान और सुख-दुख से निर्लिप्त बना लिया है, वही निर्विघ्न शांति में स्थित रह सकता है।

## अच्छी बातें जीवन में उतारने पर ही लाभ मिलेगा

द्वापर युग में द्रोणाचार्य को भीष्म पितामह ने कौरव और पांडव राजकुमारों का गुरु बना दिया था। एक दिन द्रोणाचार्य ने सभी राजकुमारों को एक पाठ दिया और कहा कि कल इस पाठ को आत्मसात करके आना है। आत्मसात शब्द का अर्थ है जीवन में, अपने आचरण में उतारना। अगले दिन सभी राजकुमार गुरु के आश्रम में पहुंच गए। पढ़ाई शुरू हुई तो द्रोणाचार्य ने पूछा कि कौन-कौन कल का पाठ याद करके आया है? युधिष्ठिर को छोड़कर बाकी सभी राजकुमारों ने कह दिया कि हमने ये पाठ याद कर लिया है। गुरु ने युधिष्ठिर से पूछा कि तुमने पाठ याद क्यों नहीं किया है? युधिष्ठिर ने कहा कि मैंने अभी तक ये पाठ आत्मसात नहीं किया है। ये बात सुनकर द्रोणाचार्य हैरान थे। कुछ देर सोचकर गुरु ने कहा कि ठीक है कल याद करके आना। इसके बाद दस दिन बीत गए, लेकिन युधिष्ठिर को वो पाठ अब तक याद नहीं हुआ था। जबकि अन्य राजकुमार युधिष्ठिर से 10 पाठ आगे पहुंच गए थे। द्रोणाचार्य ने युधिष्ठिर से पूछा कि आखिर बात क्या है। युधिष्ठिर ने कहा कि गुरुदेव, जैसे मेरे भाइयों ने ये पाठ याद किया है, वैसे तो मुझे याद है, लेकिन आपने कहा था कि इस पाठ को आत्मसात करना है। आपने सत्य को जीवन में उतारने का पाठ दिया था और मैं सत्य को जीवन में उतार नहीं पा रहा हूं। जब तक मैं इसे आत्मसात नहीं कर लूंगा, जब तक मैं सत्य को जीवन में नहीं उतार लूंगा, तब तक मैं इससे आगे नहीं बढ़ पाऊंगा।

# शादी में तनाव की एक बड़ी वजह पैसा

रोमांटिक रिलेशनशिप में कपल्स के बीच डेली रूटीन, खानपान और रोमांस पर तो खूब बातें होती हैं। लेकिन एक ऐसा टॉपिक भी है, जिस पर लोग बातें करने से हिचकिचाते हैं, वह है पैसा। ज्यादातर कपल्स के बीच इस संवेदनशील मुद्दे पर कम ही चर्चा होती है। लेकिन कई बार पैसा बड़ा इश्यू बन जाता है। खासतौर पर तब, जब दोनों पार्टनर वर्किंग होते हैं और उनके बीच इनकम गैप ज्यादा होती है। बहुत से कपल्स इस मुद्दे को हल्के में लेते हैं। लेकिन पैसे को लेकर होने वाली बहस से कई बार रिश्ता टूटने की कगार तक पहुंच जाता है। हालांकि अगर आप थोड़ी समझदारी दिखाते हैं तो ऐसी स्थिति को आसानी से हैंडल कर सकते हैं। शादी के बाद कुछ ऐसे कॉमन मुद्दे होते हैं, जिसे लेकर वर्किंग कपल्स के बीच अक्सर बहस होती है। कुछ वर्किंग कपल्स अपने घर के खर्चों को बांट लेते हैं। इसके बाद उनके पास जो भी पैसा बचता है, उसे अपनी इच्छानुसार खर्च करते हैं। हालांकि इससे दोनों के बीच नाराजगी हो सकती है क्योंकि जिसके पास जितना पैसा बचा होता है, वह उतने पर अपना अधिकार जमाता है। बहुत से लोग स्टूडेंट लोन, क्रेडिट कार्ड लोन, पर्सनल लोन या किसी और कर्ज के साथ मैरिड लाइफ में एंट्री करते हैं। ऐसे में उनके बीच इनकम, खर्च और कर्ज चुकाने पर चर्चा करते समय अक्सर बहस होती है। खर्च करने वालों और बचत करने वालों के बीच बहस होना आम है। ऐसे में अपनी मनी पर्सनैलिटी को जानना और पार्टनर के साथ इस पर खुलकर चर्चा करना बेहद जरूरी है। फैमिली प्लानिंग करना भी एक फाइनेंशियल डिसीजन है क्योंकि इसके बाद खर्च की एक लंबी लिस्ट तैयार हो जाती है। कई बार इसे लेकर भी कपल्स के बीच बहस होती है। इसके अलावा अगर कोई पार्टनर बच्चे की परवरिश के लिए अपने काम के घंटे कम करता है या अपना करियर छोड़ता है तो कई बार आगे चलकर यह भी परेशानी का सबब बन जाता है। ऐसे में दूसरे पार्टनर को इसकी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। कभी-कभी लोग जरूरत पड़ने पर अपने संयुक्त परिवार की आर्थिक मदद करते हैं। जब कोई एक पार्टनर ऐसा करता है तो दूसरा इस बारे में जानना चाहता है। कई बार इसे लेकर पति-पत्नी के बीच बहस होती है। हालांकि ऐसे समय में दूसरे पार्टनर को धैर्यपूर्वक एक-दूसरे का साथ देना चाहिए। रिश्ते में बातचीत की भूमिका काफी अहम होती है। इससे किसी भी स्थिति को आसानी से हैंडल किया जा सकता है। अपनी प्रिऑरिटीज, फ्यूचर गोल्स और इनकम को संयुक्त रूप से कैसे संभालना है, इस बारे में एक-दूसरे से खुलकर बात करना बेहद जरूरी है। अगर कभी पैसों को लेकर पति-पत्नी के बीच बहस



भी हो जाए तो गुस्से में आकर ऐसी बात न बोलें, जिसका बाद में अफसोस हो। इस दौरान मेरा पैसा, तुम्हारा पैसा जैसे शब्दों का इस्तेमाल ना करें। इससे बात बिगड़ सकती है। एक बेस्ट कपल को अपने लॉन्ग टर्म गोल्स और उन्हें अचीव करने के तरीके पर सहमत होना चाहिए। चाहे आपकी प्रिऑरिटीज में घर खरीदना हो, गाड़ी खरीदना हो या रिटायरमेंट के लिए बचत करना हो, दोनों को इस पर सहमत होना चाहिए। इसके साथ ही इनकम के हिसाब से ही खर्च करना चाहिए। परिवार के किसी सदस्य की मदद करने या उससे आर्थिक सहायता लेते समय पार्टनर के साथ पहले से इस पर सहमति बनाना जरूरी है। कई बार ये आपसी विवाद का कारण बन सकता है। दिल्ली बेस्ड 'सारथी काउंसलिंग सेंटर' की काउंसलर और कपल थेरेपिस्ट शिवानी मिसरी साधु बताती हैं कि रिश्ते की मजबूत नींव बनाने के लिए फाइनेंशियल ट्रांसपेरेंसी जरूरी है। न्यूली मैरिड कपल्स को इस बारे में बात करनी चाहिए। पैसे को लेकर खुली बातचीत रिश्ते में विश्वास स्थापित करने, गोल्स सेट करने और भविष्य में गलतफहमियों से बचने में मदद करती है। इसके अलावा ये बातचीत कपल को खर्च, सेविंग्स और कर्ज को मैनेज करने के लिए सक्षम बनाती है। अगर पार्टनर्स की खर्च करने की आदतें या फाइनेंशियल प्रिऑरिटीज अलग-अलग हैं तो बहस के बजाय बातचीत से हल निकालें। अगर कपल्स के बीच अक्सर बहस हो तो रिलेशनशिप कोच की सलाह ले सकते हैं। अगर आप वर्किंग हैं और शादी के बारे में सोच रहे हैं तो अपने होने वाले पार्टनर से पैसे के बारे में बात जरूर करें। साथ ही एक-दूसरे के फाइनेंशियल कंडीशन के बारे में भी जानकारी हासिल करें। शादी से पहले की मुलाकात में पार्टनर के साथ अपने फ्यूचर प्लान्स भी शेयर करें।

## तीन गाड़ियों के बीच टक्कर

### लैब कर्मचारी की मौत, 7 लोग घायल; पिकअप ड्राइवर फरार

जनमार्ग न्यूज

**सोहना।** सोहना के बाईपास पर एक सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार पिकअप ने सवारियों से भरी इको कार को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि इको कार पास से जा रहे बाइक सवार पर जा गिरी। हादसे में बाइक सवार इमरान (50) की मौके पर ही मौत हो गई। इमरान गुड़गांव के गांधीनगर का रहने वाला था और लाल पैथोलॉजी लैब में काम करता था। वह मेवात के गांव साकरस से अपनी मां से मिलकर लौट रहा था। इको कार में सवार सात लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। घायलों में पीलीभीत के महेंद्र पाल, संजीव कुमार, शिवराज सुभाष, दिनेश, छत्रपाल और हरद्वारी शामिल हैं। सभी घायलों को गुड़गांव के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में तीनों वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। सोहना पुलिस ने सभी वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया है। मृतक इमरान के शव को सोहना के नागरिक अस्पताल में पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया है। थाना प्रभारी प्रवीण मलिक के अनुसार, पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस जल्द ही उसकी गिरफ्तारी करेगी। तीन महीने पहले ही इमरान के पिता का देहांत हुआ था।

### वोल्यूमेट्रिक एसेसमेंट और खनन प्रबंधन में

# ड्रोन तकनीक का उपयोग माइनिंग सेक्टर के लिए लाभकारी :रविकान्त

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** माइनिंग सेक्टर में वोल्यूमेट्रिक आकलन और खनिज प्रबंधन में ड्रोन तकनीकों के उपयोग पर बुधवार को राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में राज्य सरकार, तकनीकी विशेषज्ञों और माइनिंग लीजधारकों के प्रतिनिधियों के बीच सीधा संवाद कायम किया गया। प्रमुख शासन सचिव माइन्स टी. रविकान्त ने कहा कि तकनीक और नई व्यवस्था को आत्मसात करने में शुरुआत में भ्रान्तियां और जिज्ञासाएं होती है और उसी को समझने और दूर करने के लिए सरकार द्वारा यह साझा मंच उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने कहा कि वोल्यूमेट्रिक एसेसमेंट और खनिज प्रबंधन में ड्रोन तकनीक का उपयोग सरकार और लीजधारक दोनों के लिए लाभकारी होने के साथ ही काम को आसान करने का माध्यम है। विचार विमर्श में आये सुझावों का गुणावगुण के आधार पर अध्ययन कर एसओपी जारी की जाएगी।

टी. रविकान्त ने कहा कि शुरुआत में नई व्यवस्था में हमें खामियां या भ्रांतियां ही दिखाई देती है जिनका आपसी विचार मंथन से निराकरण और समाधान संभव है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में माइनिंग सेक्टर में व्यवस्था के सरलीकरण और प्रक्रियाओं को आसान करने का सिलसिला लगातार जारी है। देखा जाए तो यह एक तरह से नेशन बिल्डिंग प्रोसेस का हिस्सा है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में माइनिंग सेक्टर में हमें और सुधार व सरलीकरण देखने को मिलेगा।

रविकान्त ने बताया कि ड्रोन कंपनियों और विशेषज्ञों को बुलाने का कारण भी यही है कि वोल्यूमेट्रिक एसेसमेंट और ड्रोन के उपयोग के संबंध में समझा जा सके, शक शुबहे दूर कर सके और लीजधारक तकनीक के उपयोग से और अधिक आसानी से काम कर सकें। हमें समझना होगा कि तकनीक हमारे काम को आसान करने के लिए है और उसमें समयानुकूल बदलाव होता रहता है।

एमडी आरएसएमएम भगवती प्रसाद कलाल ने कहा कि वोल्यूमेट्रिक एसेसमेंट और ड्रोन सर्वे से आने वाले समय में माइनिंग सेक्टर को लाभ मिलने वाला है। उन्होंने कहा कि अच्छे बदलाव के लिए हमें तैयार रहना चाहिए।

निदेशक माइंस दीपक तंवर ने कहा कि खनिज लीज धारकों द्वारा वार्षिक रिटर्न के साथ प्रस्तुत करना होगा और एक बार शुरु करने के बाद आगे के लिए लीजधारकों को भी सुविधाजनक हो जाएगा।



तंवर ने बताया कि विभाग द्वारा जारी होने वाली एसओपी स्पष्ट, पारदर्शी और सरलीकृत होगी। लीज धारकों से सीधे संवाद में राजस्थान अप्रधान खनिज रियायती नियमों में ड्रोन सर्वे प्रावधानों की जानकारी देने के साथ ही आइडिया फोर्ज द्वारा खनन में ड्रोन सर्वे का अनुप्रयोग, गरुड सर्वे द्वारा ड्रोन सर्वे के माध्यम से खनन में उत्खनन का वोल्यूमेट्रिक आकलन, एमपीआरएसएस माइनिंग सोल्यूशन द्वारा खदानों में ड्रोन का अनुप्रयोग, वीएस सेफ्टी द्वारा खदानों के लिए सेवा के रुप में ड्रोन और एपीएसएल साल्यूशन द्वारा उत्खनन में ड्रोन सर्वे तकनीक और स्फेयर द्वारा डीजीसीए द्वारा ड्रोन सर्वे लाइसेंस के दिशा-निर्देश और प्रक्रिया की पीपीटी के माध्यम से जानकारी दी गई।

खनन प्रतिनिधियों ने सरकार के इस प्रयास की सराहना की और कहा कि जब कोई नई व्यवस्था आती है तो घबराहट और आशंकाएं भी उसके साथ आती है। सरकार ने उन्हें दूर करने की अच्छी व सकारात्मक पहल की है। लीजधारक प्रतिनिधियों ने लीज क्षेत्र और उसके पास के 100 मीटर क्षेत्र का ड्रोन/एरियल सर्वे, माइनिंग प्लान, सर्वे की एक्यूरेसी, पूर्व में अन्य आवंटित खननधारकों द्वारा खनन कार्य के अब आकलन होने से पड़ने वाले प्रभाव, खान में पानी भरा होने पर आकलन की समस्या व लीज की सीमा निर्धारण को लेकर चले आ रहे विवाद सहित आशंकाएं व्यक्त की। इसके साथ ही एक अप्रेल से नई व्यवस्था की समय सीमा बढ़ाने का भी आग्रह किया।

आरंभ में दीप प्रज्वलन किया गया। नोडल अधिकारी एमपी मीणा और सह प्रभारी संजय सक्सेना से स्वागत, संचालन व आभार व्यक्त किया।

## गुरुनानक कंप्यूटर ने बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित की



जनमार्ग न्यूज

**रावतसर।** गुरुनानक कंप्यूटर एंड डिप्लोमा सैंटर द्वारा आज ईंट भट्टों एस बी ईंट भट्टा पर चल रही पाठशालाओ में जरूरत मंद बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित की गई इस अवसर पर मानवाधिकार परिषद जिला अध्यक्ष जगदीप सिंह ने बच्चों को शिक्षा के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि आज इस समय पढ़ाई बहुत ही जरूरी है इसी क्रम को आगे बढ़ाते हुए जरूरत मंद बच्चों को यह पाठ्य पुस्तक सामग्री वितरित की गई है ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहे हैं शिक्षा के बिना जीवन में कोई महत्व नहीं है इस अवसर पर शिक्षक बुधराम डागला , सह संचालक अंजू मेघवाल, अकरम खान, सहित अन्य लोग भी उपस्थित थे

## सरसों की सरकारी खरीद शुरू

**सोहना।** गुरुग्राम जिले के सोहना में 15 मार्च से सरसों की सरकारी खरीद शुरू हो गई है, लेकिन पोर्टल के चालू न होने से किसान सरसों मंडी में नहीं ला पा रहे हैं। मंडी में व्यवस्था की कमी से समस्याएं बढ़ गई हैं। टीन शेड में सब्जी विक्रेताओं ने कब्जा कर रखा है। दुकानदारों ने अनाज की फड़ों पर अतिक्रमण कर लिया है। मंडी में जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हैं। अवैध पार्किंग और रेहड़ियों की भरमार से आढ़तियों और किसानों को परेशानी हो रही है। इस स्थिति को देखते हुए सोहना एसडीएम ने मार्केट कमेटी को निर्देश जारी किए हैं। अधिकारियों को किसानों की सुविधा का विशेष ध्यान रखने को कहा गया है। मार्केट कमेटी के अधिकारी ने बताया कि सरकार ने सरसों का न्यूनतम समर्थन मूल्य 5,950 रुपए प्रति क्विंटल तय किया है।

## होली व ईद के अवसर पर स्नेह मिलन का आयोजन

जनमार्ग न्यूज

**रावतसर।** समय समय पर कुछ करने के लिए व शिक्षा की अलख जगाने के लोगों की हर सहायता को तैयार रहना ही चाहिए इसी को आगे बढ़ाते हुए वार्ड नं. 20 निवासी रामावतार राठी पुत्र रोशन लाल राठी जो वर्तमान में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय खेदासरी में व्याख्याता पद पर कार्यरत है उनके मार्गदर्शन में अध्ययन करने वाले विद्यार्थियों ने होली का त्यौहार के बाद स्नेह मिलन समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया इस अवसर पर मुस्लिम समाज के विद्यार्थियों ने सांप्रदायिक सौहार्द का परिचय देते हुए अपने हिंदू भाई बहनों के साथ धूमधाम से होली का त्यौहार मनाया। संवाददाता से मिली जानकारी के अनुसार सभी मुस्लिम अभ्यर्थियों ने होली खेलते हुए मिलकर यह संदेश



दिया कि त्योहार सब के एक जैसे हैं होली के बाद दोनों पक्षों के विद्यार्थियों ने एक स्नेह मिलन स्वरूप भोज का आयोजन किया इस अवसर पर शहर के गणमान्य नागरिक सत्यदेव राठौड .( प्रधानाचार्य), महेंद्र चौहान( प्रधानाचार्य), विनोद सोनी, जयपाल कुलड़िया( वरिष्ठ अध्यापक) राजीव गोदारा (पीटीआई ) धर्मेंद्र शर्मा ( व्याख्याता ) डॉक्टर बंशीधर शर्मा, सुरेंद्र पुरोहित,देवीलाल नाथ आदि उपस्थित रहे।

## जन्मदिन की बधाई



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** पुरानी आबादी निवासी विकाश शर्मा के जन्मदिन पर माताजी - मंजूला शर्मा, पत्नी -पायल शर्मा, छोटे भाई-बहु = विवेक -मीनू शर्मा , सास - प्रभाशर्मा साला-सालेहार=राहुल-मुक्ता शर्मा, पुत्र साहील, भतिजा - हिमांशु, दुर्गेश भतिजी - गुडड, खनक व समस्त रिश्तेदारों परिवारजनों वे गौड़ परिवार की तरफ से शुभकामनाए।

## सॉफ्ट टॉयज मेकर एण्ड सेलर प्रशिक्षण सम्पन्न

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार एवं भारतीय स्टेट बैंक द्वारा प्रायोजित ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान हनुमानगढ़ द्वारा सॉफट टॉयज मेकर एण्ड सेलर प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता आरसेटी निदेशक बिधु शंकर ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि सॉफट टॉयज मेकर एण्ड सेलर प्रशिक्षण महिलाओं को स्वावलम्बी बनाने का अच्छा मार्ग है। महिलाएं घर बैठकर अपना व अपने परिवार का भरण पोषण उक्त व्यवसाय से कर सकती है। कार्यक्रम में सॉफ्ट टॉयज बैच की महिलाओं का हौसला ब?ाया गया एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। निदेशक बिधु शंकर ने कहा कि आरसेटी का मुख्य उद्देश्य बेरोजगार युवाओं को रोजगार से जोडना और आत्मनिर्भर बनाना है। आरसेटी से प्रशिक्षित हजारों प्रतिभागी बैक से ऋण लेकर अपना निजी व्यवसाय शुरू कर अपने परिवार को संभाल रहे हैं। उक्त 13 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में 35 प्रशिक्षणार्थियों ने भाग लेकर



प्रशिक्षण को सफलता पूर्वक समपन्न करवाया । उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में डीएसटी रितु पाल द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण दिया गया एवं प्रशिक्षण का मुल्याकंन जयपुर से आये डोमेन एस्सेसर रीना शर्मा व भवर लाल स्वामी द्वारा किया गया। उन्होने बताया कि उक्त प्रशिक्षण के दौरान निःशुल्क युनिफॉर्म व निशुल्क आवासीय सुविधा देकर प्रशिक्षण दिया गया है। जल्द ही आगामी प्रशिक्षण कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण व महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिये वूमेन्स टेलर्स, ब्यूटी पार्लर, सॉफ्ट टॉयज आदि आरम्भ किये जायेगे । प्रशिक्षण लेने के इच्छुक युवक युवती अपना रजिस्ट्रैशन करवा सकते है।

इस मौके पर अनुदेशक मुकेश कुमार, अनुदेशक अनिल राठौड़, कार्यालय सहायक गणेश राम, रितिक अरोड़ा, सुरज, विकास व संस्थान के अन्य सदस्य भी मौजूद थें।

## आंगनबाड़ी केन्द्र में स्टेशनरी किट वितरित

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** विश्व की सबसे बड़ी समाजसेवी संस्था लॉयन्स क्लब इंटरनेशनल 3233-ई-1 से सम्बद्ध लॉयन्स क्लब श्रीगंगानगर 'विकास' द्वारा पारिवारिक स्नेह मिलन एवं आधिकारिक यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम संयोजक लॉयन अनिता-रमेश बलाना ने बताया कि एफ ब्लॉक में आयोजित कार्यक्रम में सर्वप्रथम लॉयन नवी आहुजा ने अध्यक्ष लॉयन सरिता अरोड़ा को लॉयनवाद का प्रतीक कॉलर पहनाई तथा सीएमडी पूर्व रीजन चेयरमैन लॉयन विनोद सेठी द्वारा सबका स्वागत-अभिनंदन किया गया। विश्व शांति के लिए लॉयन अनिता बलाना द्वारा ध्वज वंदना की गई। इस कार्यक्रम में सीएमडी लॉयन विनोद सेठी, अध्यक्ष लॉयन सविता अरोड़ा, सचिव लॉयन रिंकू चावला तथा कोषाध्यक्ष लॉयन नीरू अनेजा द्वारा प्रांतपाल पीएमजेएफ लॉयन सुनील अरोड़ा, रीजन चेयरमैन एमजेएफ लॉयन नरेन्द्र भठेजा तथा जोन चेयरमैन लॉयन श्याम सिंगला को फूलमालाएं पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह, फूलों का गुलदस्ता व उपहार भेंटकर अभिनंदन-सम्मान किया गया। सचिव लॉयन रिंकू चावला ने सचिवीय प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए वर्षभर सामाजिक सरोकारों में अग्रणी भूमिका निभाते हुए आयोजित सेवा गतिविधियों की जानकारी दी।

प्रांतपाल पीमजेएफ लॉयन सुनील अरोड़ा ने अपने वक्तव्य में लॉयन्स क्लब विकास को सेवा कार्य में अग्रणी बताया। रीजन चेयरमैन



तथा जोन चेयरमैन सहित समस्त वक्ताओं ने लॉयन्स क्लब द्वारा पीड़ित मानवता के उत्थान के लिए किए जा रहे सेवा कार्यों की भरपूर सराहना की तथा क्लब को अन्तर्राष्ट्रीय पिन से सम्मानित किया। कार्यक्रम में लॉयन ब्रह्म भाटिया को हस्तरेखा व ज्योतिष विज्ञान में विशेष उपलब्धियों के लिए डॉ. ब्रह्म भाटिया को सम्मानित किया गया।

इस मौके पर प्रांतपाल पीएमजेएफ लॉयन सुनील अरोड़ा, रीजन चेयरमैन एमजेएफ लॉयन नरेन्द्र भठेजा तथा जोन चेयरमैन लॉयन श्याम सिंगला की अधिकारिक यात्रा सम्पन्न करवाई गई। सफल आयोजन के लिए एमजेएफ लॉयन संदीप अनेजा ने सबका आभार व्यक्त किया। शानदार मंच संचालन लॉयन पारूल भाटिया ने किया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने सामूहिक प्रीतिभोज का लुत्फ उठाया।

इस कार्यक्रम के पश्चात् प्रांतीय संदेश 'आओ खुशियां बांटे...' संदेश के तहत गणगौर नगर स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र 29-बी में नन्हे-मुन्ने बच्चों को स्टेशनरी किट का वितरण किया गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रजनी धमीजा ने स्टेशनरी किट वितरण के लिए सबका आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर एमजेएफ लॉयन ओपी मंगल, स्पेशल एग्जीक्यूटिव ऑफिसर पीएमजेएफ लॉयन नरेन्द्र चांगिया, एमजेएफ लॉयन प्रमोद खारीवाल, लॉयन अमर-नवी आहुजा, लॉयन डॉ. ब्रह्म-पारूल भाटिया, एमजेएफ लॉयन संदीप-नीरू अनेजा, लॉयन रूचिका चुघ, लॉयन जागृति-ईशपुन्यानी, लॉयन रिंकू-सतीश चावला, लॉयन डॉ. सरिता उपनेजा, लॉयन पवन-अंजू नारंग, लॉयन स्वर्णा-अशोक कोठारी, लॉयन सुनीता-विनोद सेठी, लॉयन नताशा कटारिया, लॉयन सुनीता धमीजा सहित सहित लॉयन्स क्लब श्रीगंगानगर विकास पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

## हरियाणा में खुलेगी पहली आईआईटी

जनमार्ग न्यूज

**हिसार।** हरियाणा सरकार प्रदेश में पहला इंडियन इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलॉजी ) स्थापित करेगी। संस्थान निदेशालय और मानव संसाधन विकास मंत्रालय से निर्देश मिलने के बाद तकनीकी शिक्षा विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी है। इसे लेकर तकनीकी एजुकेशन के डायरेक्टर ने प्रदेश के सभी ष्ठष्ट को पत्र लिखा है और जगह की डिमांड की है। खास बात है कि इस प्रोजेक्ट में जमीन अधिग्रहण की समस्या ही आ? आ रही है। कारण है कि इसके लिए सरकार ने 300 एक? भूमि अधिग्रहण करने की शर्त रखी है। वो भी केंद्र एवं राज्य सरकार तय करेगी कि चिह्नित की गई उस जगह पर प्रोजेक्ट शुरू किया जाए या नहीं। तभी प्रोजेक्ट को लेकर हरी झंडी मिलेगी। इसको लेकर हरियाणा भाजपा सांसदों ने लॉबिंग शुरू कर दी है। सबका प्रयास है कि आईआईटी जैसा संस्थान उनके संसदीय क्षेत्र में बने। वहीं बता दें कि एमएचआरडी मंत्री धमेंद्र प्रधान हैं और वह हरियाणा भाजपा के प्रभारी भी हैं।

## राजकीय विद्यालय के विद्यार्थियों को स्टेशनरी किट वितरित

### ▼ कर्तव्य शिक्षा बैंक के तत्वावधान में हुए कार्यक्रम में जरूरतमंद बच्चों को नि: शुल्क शिक्षण सामग्री प्रदान की

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** कर्तव्य हमारा प्रयास जन सेवा द्वारा जरूरतमंद बच्चों की शिक्षा में योगदान देने के उद्देश्य से स्टेशनरी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कर्तव्य शिक्षा बैंक के तत्वावधान में जवाहरनगर स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय नं. 12 में हुए इस कार्यक्रम में जरूरतमंद बच्चों को रजिस्टर, कॉपी, स्कूल बैग, पेन, पेंसिल, रबर आदि शिक्षण सामग्री नि-शुल्क प्रदान की गई। इस मौके पर बच्चों को कड़ी मेहनत व अनुशासन द्वारा सफलता हासिल करने के लिए प्रेरित किया गया तथा भविष्य में भी समय-समय पर आवश्यक शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराने का विश्वास दिलाया।

विद्यालय प्रधानाध्यापिका एवं विद्यालय स्टाफ ने कर्तव्य हमारा प्रयास जन सेवा संस्था द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की मुक्तकंठ से



सराहना की तथा जरूरतमंद विद्यार्थियों को स्टेशनरी किट प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया। संस्थापक अरविंद जैन ने बताया कि इस सेवा कार्य में लोकेश बंसल, आशीष लीला, विष्णु बिश्नोई, हरीश टाक, अजय गर्ग आदि सदस्यों का सराहनीय सहयोग रहा। इस अवसर पर कर्तव्य हमारा प्रयास जन सेवा संस्था पदाधिकारी एवं सदस्य, विद्यालय स्टाफ तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

कई बार लोगों को अलग-अलग वजहों से रात में देर तक जागना पड़ता है। ऐसे में भूख भी महसूस होने लगती है। लेकिन भूख लगने पर आपको अपने लिए हेल्दी फूड्स ही लेने चाहिए। इस बारे में जानिए।

# रात में जब लगे भूख क्या खाएं-क्या न खाएं

आप पढ़ाई के लिए देर रात तक जगने वाले स्टूडेंट हों या आपको सुबह देर से उठने और रात देर से सोने की आदत हैं ऐसे में कई बार रात में भूख महसूस होती है। ऐसे समय में क्या खाना चाहिए और क्या नहीं, बता रहे हैं आपको।



## रात में क्या खाएं

- मुरमुरे, भुने चने, कॉर्न फ्लेक्स, भुना चिवड़ा, भुनी मूंगफली, भूने मखाने इन सबको मिलाकर तैयार की गई नमकीन देर रात भूख के लिए सबसे अच्छा और स्वास्थ्यवर्धक स्नैक्स है।
- अखरोट में प्राकृतिक रूप से मेलाटोनिन होता है, जिससे नींद अच्छी आती है। इसमें मौजूद मैग्नीशियम इसे एक स्वास्थ्यवर्धक स्नैक्स बनाता है। इसके अलावा पिस्ता भी मेलाटोनिन से भरपूर होता है। इसमें मौजूद फाइबर और प्रोटीन लंबे समय तक भूख नहीं लगने देता। इन्हें भी आप खा सकते हैं।



- भुने या तले बादाम भी ले सकते हैं। इन्हें भूनकर शहद में डिप करके एक डिब्बे में रखें। इसके अलावा किशमिश, बादाम, अंजीर भी रात में खाए जा सकते हैं।
- पॉपकॉर्न भी एक फाइबरयुक्त फुलफिलिंग स्नैक है, बस इसमें मक्खन और नमक कम डालें। इसकी भी ज्यादा मात्रा खाने से बचना चाहिए।
- अनानास, सेब, केला, नाशपाती जैसे फलों को अगर बेक करके खाया जा सकता है। उसमें दालचीनी और बटर डालें। शुगर की जगह शहद के इस्तेमाल से बना यह स्नैक्स हेल्दी और टेस्टी होता है। रात में इसे भी आप खा सकते हैं।
- फीके और ऑयल फ्री बिस्कुटों में चीज स्लाइस के टुकड़े, आलू और काली मिर्च बुरक कर खाए जा सकते हैं।
- डार्क चॉकलेट के अलावा नट्स वाली चॉकलेट भी खाई जा सकती है।
- ड्राइ फ्रूट्स लड्डु जिनमें कई तरह के सीड्स और नट्स डाला गया हो, इसे भी खाया जा सकता है।
- भुने ओट्स में दही, सेब, केला, अनार जैसे फ्रूट्स डालकर खाए जा सकते हैं।
- मिक्सी में खजूर डालकर ओट्स, नट्स, चॉकलेट, सूखे नारियल में मिलाकर इसकी प्यूरी बनाकर खाई जा सकती है।
- दूध के साथ कॉर्न फ्लेक्स या ओट्स डालकर खाना भी हेल्दी ऑप्शंस हैं।
- शकरकंदी या आलू के चिप्स या शकरकंदी छीलकर उनके ऊपर दालचीनी पावडर, नमक, मिर्च डालकर बेकिंग ट्रे में चिप्स को रखकर ओवेन में दो तीन मिनट बेक करने के बाद बाद खा सकते हैं।
- साबुत गेंहू के टोस्ट और साबुत अनाज के क्रेक्स में कार्बोहाइड्रेट और फाइबर होते हैं। इनमें पीनट बटर लगाकर खा सकते हैं। मूंगफली के मक्खन में मौजूद वसा हमारे शरीर में सेरोटोनिन के स्तर को बढ़ाती है।

## देर रात क्या न खाएं

- आधी रात के बाद पिज्जा खाने के लिए बिल्कुल भी उपयुक्त नहीं है। क्योंकि इसमें हाई फैट वाला पनीर होता है,जो आसानी से पचता नहीं है। इसमें कैलोरीज भी ज्यादा होती हैं, जिससे वजन बढ़ सकता है। इसमें मौजूद वसा जल्दी पचती नहीं है। पिज्जा बेस में रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट होता है, जो सेहत के लिए सही नहीं होता है।
- मिठाइयां, ज्यादा चीनी वाले अनाज लेने से रक्त में इंसुलिन का स्तर बढ़ जाता है। अनाज तो लिया जा सकता है, लेकिन मीठे वाला नहीं। ऐसा विकल्प चुनें, जिसमें चीनी कम लेकिन फाइबर और प्रोटीन ज्यादा हो।
- देर रात की भूख में चिप्स खाना सबसे नुकसानदायक होता है। इनमें प्रोटीन, फाइबर नहीं होते हैं। इसके तेल में वसा, रिफाइंड कार्बोहाइड्रेट होते हैं।
- कैंडी की जगह फ्रूट या डार्क चॉकलेट खाना ज्यादा सही होता है। इसके अलावा मसालेदार चीजें खाने से भी बचना चाहिए, इससे पेट में दर्द, एसिडिटी और खट्टे डकार आते हैं। *

ट्यूबरकुलोसिस यानी टीबी एक खतरनाक बीमारी है। भारत समेत दुनिया के कई देशों में लाखों-करोड़ों लोग हर साल इसकी चपेट में आते हैं। ऐसे में यह जानना सभी के लिए बहुत जरूरी है कि टीबी का संक्रमण कैसे फैलता है, इसके प्रमुख लक्षण क्या है, इसका उपचार कैसे हो सकता है और इससे बचाव कैसे संभव है? यहां एक्सपर्ट डॉक्टर विस्तार से इस बारे में जानकारी दे रहे हैं।

# टीबी से बचाव के लिए जरूरी है सावधानी-जागरूकता





यह सवाल अकसर लोगों के मन में आता है कि मेडिकल साइंस में इतनी प्रगति के बावजूद, देश-दुनिया में अभी भी करोड़ों लोग टीबी से संक्रमित हो रहे हैं और लाखों लोग अपनी जान गंवा रहे हैं, ऐसा क्यों होता है? इसका जवाब यह है कि निम्न और मध्यम आय वाले देशों या समाज के उस वर्ग में बहुत से लोगों की स्वास्थ्य सेवा तक सीमित पहुंच और सही ढंग से जांच और उपचार में देरी की वजह से यह रोग अभी भी लोगों को अपनी चपेट में ले रहा है। टीबी के लक्षणों को सांस संबंधी अन्य सामान्य समस्या मानने की गलती अकसर की जाती है, जिससे यह रोग काफी बढ़ जाता है। भीड़-भाड़ वाले इलाकों में रहना, खराब वेंटिलेशन और कुपोषण, टीबी संक्रमण के जोखिम को बढ़ाते हैं। मल्टीड्रग-रेसिस्टेंट टीबी (एमडीआर-टीबी) और व्यापक रूप से ड्रग-रेसिस्टेंट टीबी (एक्सडीआर-टीबी) का इलाज करना कठिन और ज्यादा महंगा होता है। इन कारणों से भी यह रोग अभी भी घातक बना हुआ है और कई केसेस में रोगी की मृत्यु हो जाती है। अभी भी कई इलाकों और समुदायों में टीबी होना एक कलंक माना जाता है, जिसकी वजह से लोग बीमार होने पर भी मदद लेने या इलाज कराने से कतराते हैं।

**इन्हें होता है अधिक रिस्कः** जिन लोगों को एचआईवी/एड्स, मधुमेह है या जिनका ऑर्गन ट्रांसप्लांट हो चुका है, ऐसे कमजोर प्रतिरक्षा वाले लोग, बच्चे, खासकर जहां टीबी फैलने का खतरा ज्यादा होता है, ऐसे इलाकों में, संक्रमित रोगी के संपर्क में आने से टीबी होने का खतरा अधिक होता है। उम्र बढ़ने के साथ संक्रमण को नियंत्रित करने का प्रतिरक्षा प्रणाली का प्रभाव कम होता जाता है, जिससे बुजुर्गों को टीबी होने का रिस्क बढ़ जाता है। टीबी मरीजों के लगातार संपर्क में रहने से स्वास्थ्य सेवा कर्मियों को टीबी होने का जोखिम ज्यादा होता है। जेलों, शरणार्थी शिविरों या झुग्गियों जैसे भीड़-भाड़ वाले, खराब हवादार वातावरण में रहने वाले व्यक्ति और कुपोषित व्यक्तियों में भी संक्रमण की संभावना अधिक होती है।



**ऐसे होता है संक्रमणः** टीबी मुख्य रूप से हवा के माध्यम से फैलता है। जब एक्टिव पल्मोनरी टीबी से पीड़ित व्यक्ति खांसता, छींकता या बोलता है तो माइकोबैक्टीरियम ट्यूबरकुलोसिस बैक्टीरिया युक्त छोटी बूंदें हवा में फैल जाती हैं। ये बूंदें उनके करीब के दूसरे लोगों द्वारा सांस के जरिए अंदर ली जा सकती हैं, जिससे उन्हें भी संक्रमण हो सकता है। संक्रमित व्यक्ति के साथ लंबे समय तक संपर्क में रहने से संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है।

**टीबी के प्रमुख लक्षणः** लगातार खांसी (3 सप्ताह से अधिक समय तक), खांसने पर खून या बलगम में खून निकलना, सीने में दर्द या बेचैनी, थकान और कमजोरी, रात में पसीना आना, बिना किसी कारण के वजन कम होना, बुखार और ठंड लगना, भूख न लगना आदि टीबी के लक्षण हो सकते हैं।

**टीबी संक्रमण का उपचारः** टीबी मरीज के इलाज के लिए एंटीबैक्टीरियल दवाइयां दी जाती हैं। ड्रग-सेंसिटिव टीबी के लिए मानक उपचार आमतौर पर 6 महीने तक चलता है। हालांकि ड्रग-रेसिस्टेंट टीबी के लिए यह अवधि लंबी हो सकती है। ड्रग-रेसिस्टेंट टीबी के लिए, उपचार अधिक जटिल हो जाता है। इसमें सेकेंड लाइन दवाओं की आवश्यकता होती है। इसके लिए 18-24 महीनों तक उपचार और ड्रग-रेसिस्टेंट प्रोफाइल के अनुरूप उपचार की आवश्यकता होती है। कुछ दुर्लभ केसेस में, टीबी से इंफेक्टेड टिश्यूज को हटाने के लिए सर्जरी की आवश्यकता भी हो सकती है।

**टीबी वैक्सीन है उपलब्धः** बैसिलस कैलमेट-गुएरिन (बीसीजी) वैक्सीन सबसे ज्यादा इस्तेमाल की जाने वाली टीबी वैक्सीन है। जहां टीबी के केसेस ज्यादा होते हैं, आमतौर पर उन देशों में यह वैक्सीन शिशुओं को लगाई जाती है। यह वैक्सीन वयस्कों में टीबी के संक्रमण को नहीं रोकता है, लेकिन यह बच्चों में टीबी के गंभीर रूपों, विशेष रूप से मेनिंगियल और डिसेमिनेटेड टीबी को रोकने में कारगर है। हालांकि यह वयस्कों में टीबी का सबसे आम और संक्रामक रूप, पल्मोनरी टीबी से पूरी तरह सुरक्षा प्रदान नहीं करता है।

**बरतें ये सावधानियांः** रहने, काम करने की जगह हवादार रखना, मास्क पहनना, टीबी के लक्षण वाले व्यक्तियों के निकट संपर्क से बचना टीबी संक्रमण से बचाव के लिए जरूरी है। खांसते या छींकते समय मुंह और नाक को ढंकने जैसी आदतें टीबी के संक्रमण को रोक सकती हैं और इसके प्रसार को भी कम कर सकती हैं।

**ट्रीटमेंट के दौरान रखें ध्यानः** यह महत्वपूर्ण है कि टीबी मरीज का पूरा उपचार किया जाए, क्योंकि अधूरे इलाज से बीमारी फिर से शुरू हो सकती है और ड्रग रेसिस्टेंस हो सकता है। नियमित जांच और बलगम परीक्षण से इलाज में प्रगति की निगरानी करने और किसी भी जटिलता की पहचान करने में मदद मिल सकती है। कुछ टीबी दवाइयों के गंभीर दुष्प्रभाव हो सकते हैं, जैसे कि लीवर को नुकसान या दृष्टि संबंधी समस्याएं। इन पर बारीकी से नजर रखी जानी चाहिए। प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करने और शरीर को संक्रमण से लड़ने में मदद करने के लिए पर्याप्त पोषण महत्वपूर्ण है। शराब और धूम्रपान से बचना चाहिए क्योंकि वे उपचार में बाधा डाल सकते हैं और फेफड़ों को और ज्यादा नुकसान पहुंचा सकते हैं। अगर कोई व्यक्ति जिसका पहले इलाज हो चुका है फिर से टीबी बैक्टीरिया के संपर्क में आता है, तो उसे फिर से टीबी हो सकता है। इसलिए रिकवर होने के बाद भी पूरी सावधानी बरतनी चाहिए।

**मल्टी-ड्रग रेसिस्टेंट टीबीः** मल्टी ड्रग रेसिस्टेंट या एमडीआर, टीबी का एक प्रकार है। यह उन बैक्टीरिया के कारण होता है, जो कम से कम दो सबसे शक्तिशाली फर्स्ट-लाइन दवाओं, आइसोनियाजिड और रिफेंपिसिन के प्रति रेसिस्टेंट (प्रतिरोधी) होते हैं। इसका मुख्य कारण अधूरा या अनुचित इलाज होता है। इससे बचने का यही तरीका है कि टीबी डिटेक्ट होने पर उसका पूरी अवधि तक और सही ट्रीटमेंट करवाया जाए।

### टीबी के डिफरेंट स्टेज



इस बीमारी का इंफेक्शन कई स्टेज में हो सकता है।

**प्राइमरी स्टेजः** जब कोई व्यक्ति हवा में उड़ रहे बैक्टीरिया की चपेट में आ जाता है। पूअर हाइजीन वाले क्षेत्र में रहने वाले व्यक्ति अच्छी पर्सनल हाइजीन के बावजूद इसकी चपेट में आ जाते हैं। वैसे तो हमारा इम्यून सिस्टम अकसर ऐसे बैक्टीरिया का खात्मा कर देता है लेकिन कोई व्यक्ति एचआइवी पॉजिटिव हो, डायबिटिक हो तो वह प्राइमरी इंफेक्शन के कुछ ही हफ्तों में इसकी चपेट में आ जाता है।

**लेटेंट स्टेजः** इसका मतलब है कि टीबी का बैक्टीरिया शुरुआती इंफेक्शन के बाद शरीर में डेरा जमाकर बैठ जाता है और इम्यून सिस्टम के कमजोर होने का इंतजार करता है। बुढ़ापे में या इम्यून सिस्टम के कमजोर होने पर जब एंटीजेंस रिएक्टिव हो जाते हैं तो यह बीमारी सिर उठा सकती है।

**एक्टिव स्टेजः** जब बैक्टीरिया से प्रभावित एवं संक्रमित व्यक्ति में लक्षण स्पष्ट नजर आने लगते हैं और वह अपनी बीमारी दूसरों तक भी फैलाने लगता है, तो उसे एक्टिव स्टेज पेशेंट कहते हैं। सबसे खतरनाक बात यह है कि एक्टिव टीबी का मरीज साल भर में ऐसे 10-15 लोगों को बीमार कर सकता है, जो उसके निरंतर संपर्क में आते हैं।

घरेलू औषधि

# अत्यंत स्वास्थ्यवर्धक है हरा चना

चना ऐसा अनाज है, जिसका सेवन आप हरे या सूखने के बाद काले चने के रूप में कर सकते हैं। दोनों ही रूपों में यह स्वास्थ्यवर्धक होता है। इसके ताजे पत्तों को धोकर नमक-मिर्च लगा कर ग्रामीण इलाकों में खूब खाया जाता है। यह स्वादिष्ट होने के साथ स्वास्थ्य के लिए लाभकारी होता है।

**हरे चने खाने के लाभः** हरे चने की छोटी सी फली होती है, जिसमें हरे चने के दाने होते हैं, इनको टाट भी कहते हैं। इसकी सब्जी भी बनाई जाती है। हरे चने में कई तरह के पोषक तत्व पाए जाते हैं। इसमें विटामिन ए, विटामिन सी, विटामिन ई, विटामिन बी-कॉम्प्लेक्स (विटामिन बी1, बी2, बी3, बी5) और विटामिन के भी भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं। इनके अतिरिक्त इसमें फाइबर, सोडियम, फोलेट, आयरन, फॉस्फोरस, मैग्नीशियम, सेलेनियम, पोटैशियम, कैल्शियम, फैट्स, कार्बोहाइड्रेट, डाइटरी फाइबर्स, फैटी एसिड आदि पाए जाते हैं, जो स्वास्थ्य की सभी समस्याओं से छुटकारा दिलाने में मददगार होते हैं। हरा चना पाचन सुधारने के साथ शरीर में शक्ति का भी संचार करता है। हरे चने या छोलिया का सेवन संक्रमण से बचाव करता है, इम्यूनिटी को प्रबल करता है। इसमें मिलने वाला घुलनशील फाइबर ब्लड शुगर को सामान्य रखने में सहायक होता है। इस तरह हरा चना टाइप 2 डायबिटीज को नियंत्रित करने में सहायक होता है।



इसका सेवन मस्तिष्क को स्वस्थ रखने और स्मरण शक्ति को बढ़ाने में मददगार है। हरे चने का सेवन आंखों की जलन, लाली को दूर कर आखों की रोशनी बढ़ाने में सहायक है। चने का सेवन, हृदय के रोगियों के लिए बहुत लाभकारी है। इसका सेवन शरीर में बढ़ने वाले कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित कर हृदय को बल प्रदान करता है। इसको भून कर (रोस्टेड) खाने से कब्ज, गैस, पेटदर्द में लाभ मिलता है। इसका सेवन वजन कम करने में भी मददगार होता है, क्योंकि इसका सेवन करने से पेट भरा हुआ महसूस होता है इसीलिए चने का सेवन करने से भूख कम लगती है। अगर आपको थकावट महसूस होती है, शरीर में शिथिलता लगती है तो चने का सेवन आपके लिए बहुत लाभकारी सिद्ध होगा। इसके लिए आप हरे चने का नियमित सेवन करें। इसके अलावा रात को भिगोए हुए काले चनों का सेवन भी लाभकारी है।

स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना सभी करते हैं। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि आपकी इम्यूनिटी मजबूत रहे। इसे फिट बनाए रखने के लिए अपनी डाइट और लाइफस्टाइल में कुछ बदलाव करने होंगे।

# इम्यून सिस्टम फिट तो आप रहेंगे हेल्दी-एक्टिव

आपने देखा होगा कि कुछ लोग अकसर थके-थके से, बीमार और उम्र से पहले ही बुजुर्गों जैसे दिखते हैं, वहीं कुछ लोग अधिक उम्र के बावजूद चुस्त-दुरुस्त, मस्त और दिखने में युवा नजर आते हैं। 'अल्ट्रा लांजिविटीः दी सेवेन स्टेप प्रोग्राम फॉर अ यंगर, हैल्दियर यू' के लेखक डॉ. मार्क लिपोनिस कहते हैं कि जिन लोगों का इम्यून सिस्टम दुरुस्त नहीं रहता है, उनमें एजिंग के लक्षण जल्दी ही नजर आने लगते हैं। इसका असर स्किन, हड्डियों, हार्ट, नर्व्स, लंग्स, किडनियों और अन्य अंगों पर नजर आने लगता है। कार्डिफ यूनिवर्सिटी स्कूल ऑफ मेडिसिन में माइक्रोबायोलॉजी के सीनियर प्रोफेसर डॉ. रिचर्ड स्टेंटन कहते हैं, 'बड़ी उम्र के लोगों में असमय मृत्यु के मुख्य कारणों में गंभीर संक्रमण, कैंसर और इंफ्लेमेटरी डिजीज होते हैं। ये डिसऑर्डर मूल रूप से इम्यून सिस्टम की एजिंग के कारण पनपते हैं। इस स्थिति को चिकित्सकीय भाषा में 'इम्यून सेनेसेंस' कहते हैं। शुरू से ही रोगों से घिर चुके लोगों में आगे चलकर रोग प्रतिरोधक क्षमता और भी कमजोर पड़ जाती है। अगर इससे बचना है तो जीवनशैली में कुछ अनुशासन और बदलाव जरूरी हैं, ताकि इम्यूनिटी मजबूत हो।



**स्ट्रेस से बचेंः** बेरोजगारी, पैसे की कमी, विवाह में देरी या पारिवारिक मनमुटाव स्ट्रेस के प्रमुख कारण हैं। स्ट्रेस शरीर की रोगप्रतिरोधक क्षमता को कमजोर करता है। जो लोग लगातार स्ट्रेस में रहते हैं, उनकी सेल्स की रीजनरेट होने की क्षमता भी प्रभावित हो सकती है। इसलिए स्ट्रेस से बचें और योग, मेडिटेशन करें या नई स्किल सीखने में खुद को व्यस्त रखें।

**धूम्रपान छोड़ेंः** स्मोकिंग एजिंग प्रोसेस की स्पीड बढ़ाती है। धूम्रपान करने वालों की स्किन अपना लचीलापन खोने लगती है, हार्ट डिजीज का खतरा बढ़ जाता है, श्वास संबंधी समस्याएं होने लगती हैं और कैंसर जैसी बीमारियों का जोखिम भी बढ़ने लगता है। खुद सिगरेट न पीने के अलावा सेकेंड हैंड स्मोकिंग से भी बचें। यह भी लगभग उतनी ही खतरनाक होती है।

**एंटीबायोटिक्स का अधिक सेवनः** विशेषज्ञ बताते हैं कि एंटीबायोटिक्स के अधिक सेवन से इम्यून सिस्टम कमजोर पड़ जाता है। कुछ खास दवाएं इम्यून सिस्टम तक हार्मोन सप्लाई करने वाले साइटोकिंस का स्तर घटा देती हैं। इससे इसकी बैक्टीरियारोधक क्षमता घटती है और बीमार पड़ने की संभावना बढ़ती है। एंटीबायोटिक दवाएं पेट के हेल्दी बैक्टीरिया को भी नष्ट कर देते हैं।

**पॉजिटिव सोच रखेंः** 'इमोशन' जर्नल में प्रकाशित शोध की मानें तो सकारात्मक सोच इम्यूनिटी पावर बढ़ाती है। मेडिटेशन, अध्यात्म, कुदरत के मनोहारी दृश्यों को देखना और सराहना सेहत के लिए अच्छी आदतें हैं। संतुष्टि, खुशी, गर्व और खिलंदड़पन न सिर्फ बीमारियों से दूर रखने में मददगार होते हैं बल्कि एजिंग प्रोसेस को भी धीमा करते हैं।

**पॉल्यूशन से बचेंः** प्रदूषण में लगातार और लंबे समय तक रहने से इंफ्लेमेशन की समस्या बढ़ती है। अस्थमा और अन्य श्वसन समस्याओं के साथ-साथ इससे इम्यून सिस्टम भी ध्वस्त होता है। कम प्रदूषित क्षेत्र में रहने को प्राथमिकता देनी चाहिए। घर से बाहर निकलते समय मास्क पहनना चाहिए। स्वच्छ वातावरण में टहलना चाहिए। *

### इन पर भी दें ध्यान



- पोषक तत्वों से भरपूर भोजन करें। हरी सब्जियां, दाल, फल, साबुत अनाज के साथ-साथ दही, सूखे मेवे, आंवला और मशरूम जैसे गुणकारी फूड्स अपने भोजन में शामिल करें।
- एक्सरसाइज करने की आदत डालें। जब वक्त मिले, तभी एक्सरसाइज करें। सुबह-शाम टहलें। घर का सामान लेने के लिए नजदीकी बाजार तक पैदल जाएं।
- अच्छी तरह नींद लेने की आदत डालें। रात को सात-आठ घंटे की नींद लें।

# केवाईसी अपडेट के नाम पर लाखों ठगे, गलतियां पड़ सकती हैं भारी

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में साइबर ठगों ने केवाईसी (नो योर कस्टमर) अपडेट के नाम पर दो अलग-अलग मामलों में लाखों रुपए की ठगी कर ली। पहले मामले में साइबर ठगों ने एक महिला को बैंक कर्मचारी बनकर कॉल किया। इसके बाद केवाईसी वेरिफिकेशन के नाम पर ओटीपी लेकर क्रेडिट कार्ड से 81,793 रुपए उड़ा दिए। वहीं दूसरे मामले में साइबर क्रिमिनल ने एक युवक को अज्ञात नंबर से वॉट्सएप पर वीडियो कॉल किया। इसके बाद केवाईसी अपडेट कराने के नाम पर उसे एक एपीके फाइल का लिंक भेजा। इस लिंक पर क्लिक करते ही युवक का मोबाइल फोन हैक हो गया। कुछ ही देर बाद उसके एक्सिस बैंक के क्रेडिट कार्ड से 7 बार में करीब 36,000 और एचडीएफसी बैंक के क्रेडिट कार्ड से दो बार में 19,448 रुपए कट गए। फिलहाल साइबर पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है। केवाईसी अपडेट के नाम पर धोखाधड़ी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) इसे लेकर कई बार लोगों को आगाह कर चुका है। कुछ बेसिक टिप्स अपनाकर आप इस तरह के स्कैम से खुद को सुरक्षित रख सकते हैं। केवाईसी का इस्तेमाल बैंक और नॉन बैंकिंग फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन अपने ग्राहक की पहचान और एड्रेस को वेरिफाई करने के लिए करते हैं। इसके लिए कस्टमर्स को अपना आधार नंबर और पिन नंबर वेरिफाई करना होता है। साइबर ठग केवाईसी को अपडेट या वेरिफाई कराने के नाम पर स्कैम करते हैं। इसमें वे खुद को बैंक या फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन का प्रतिनिधि बताकर पहले कॉल, मैसेज या ईमेल करते हैं। वे दावा करते हैं कि आपके बैंक अकाउंट या अन्य फाइनेंशियल सर्विस में कोई समस्या है। इसके लिए आपको तुरंत केवाईसी अपडेट कराने की जरूरत है। ऐसा न करने पर आपका अकाउंट अस्थायी रूप से बंद कर दिया जाएगा। कई बार इस तरह के मैसेज या ईमेल में एक लिंक अटैच होता है, जो फिशिंग वेबसाइट पर ले जाता है। इस लिंक पर क्लिक करने पर स्कैमर्स आपकी फाइनेंशियल जानकारी चुरा लेते हैं और बैंक अकाउंट खाली कर देते हैं। अगर अनजान नंबर से आपको कोई कॉल आता है, जिसमें केवाईसी के नाम पर आपके बैंक की डिटेल्स मांगी जाती हैं तो समझ लें कि यह स्कैमर का कॉल है। सनद रहे, कोई भी बैंक, यूपीआई एप जैसे फोनपे, गूगलपे, पेटीएम और अन्य फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन कभी भी केवाईसी वेरिफिकेशन के लिए आपको अपनी तरफ से फोन नहीं करते हैं। कोई भी बैंक, यूपीआई एप कभी भी केवाईसी वेरिफिकेशन के लिए ओटीपी नहीं मांगते हैं। अगर कोई फोन करके बोले कि आपका अकाउंट बंद होने वाला है, केवाईसी करवाओ तो वह फ्रॉड है। ऐसे फोन को तुरंत डिसकनेक्ट और ब्लॉक करें। तुरंत साइबर पुलिस को इसकी सूचना दें। केवाईसी वेरिफिकेशन के नाम पर कभी भी अपना कार्ड नंबर, सीवीवी नंबर या पीन नंबर शेयर न करें। केवाईसी एक जरूरी प्रोसेस है। इससे मनी लॉन्ड्रिंग या फाइनेंशियल धोखाधड़ी को रोकने में मदद मिलती है। केवाईसी वेरिफिकेशन से बैंकों को यह पता चलता है कि उनके ग्राहक का पैसा किसी अवैध गतिविधि में तो नहीं लगा है। हालांकि इसे करवाते समय अगर आप कुछ गलतियां करते हैं तो धोखाधड़ी का शिकार हो सकते हैं। इसलिए अगर आप अपने बैंक, डिजिटल वॉलेट या अन्य फाइनेंशियल सर्विस के लिए केवाईसी करवा रहे हैं तो कुछ बातों का ध्यान रखें। केवाईसी अपडेट होने पर बैंकिंग से जुड़ी सर्विस में कोई रुकावट नहीं आएगी। अगर आपका केवाईसी अपडेट नहीं है तो आपका बैंक अकाउंट ब्लॉक हो सकता है। इसके बाद एटीएम ट्रांजैक्शन, यूपीआई एप्स और अन्य बैंकिंग सर्विस भी रूक सकती है। केवाईसी अपडेट न होने पर आप म्यूचुअल फंड, स्टॉक या गोल्ड बॉन्ड में निवेश नहीं कर पाएंगे। अगर आपकी केवाईसी अपडेट है तो बिना किसी रुकावट के किसी भी म्यूचुअल फंड और निवेश में आसानी होगी। कई डिजिटल पेमेंट एप जैसै गूगलपे, फोनपे या पेटीएम के लिए भी केवाईसी अपडेट होना जरूरी है। ऐसा न करने पर इन यूपीआई एप्स से लेन-देन करने में समस्या आ सकती है। केवाईसी अपडेट न होने पर बैंक और फाइनेंशियल इंस्टीट्यूशन लोन या क्रेडिट कार्ड देने से मना कर सकते हैं।

# सहकारिता मंत्री ने की सरसों-चना खरीद की तैयारियों की समीक्षा

**❑ किसानों को खरीद केन्द्रों पर असुविधा का नहीं करना पड़े सामना ❑ रजिस्ट्रेशन की संख्या के अनुरूप प्रदेश में खोले जाएं अतिरिक्त खरीद केन्द्र ❑ अधिकारियों को नहीं मिलेगा एक से अधिक खरीद केन्द्र का चार्ज : सहकारिता मंत्री**

जनमार्ग न्यूज

**जयपुर।** सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम कुमार दक ने कहा कि राज्य सरकार की भावना है कि किसानों को उनकी उपज का पूरा दाम मिले। उन्होंने कहा कि अप्रेल माह से शुरु की जा रही सरसों-चना खरीद की सभी तैयारियां इस प्रकार की जाएं कि किसानों को असुविधा का सामना नहीं करना पड़े और उन्हें अच्छा महसूस हो।

सहकारिता मंत्री बुधवार को नेहरू सहकार भवन में वीसी के माध्यम से सरसों-चना खरीद की पूर्व तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हैण्डलिंग और ट्रांसपोर्ट के टेंडर के प्रावधानों में शिथिलता इसलिए दी गई है ताकि प्रक्रिया में अच्छे लोग शामिल हों और किसानों को अपनी उपज बेचान के लिए परेशानी का सामना नहीं करना पड़े। श्री दक ने कहा कि यदि लगातार किसी ठेकेदार की शिकायत मिलती है तो उसे डिबार करने की कार्यवाही की जाए। उन्होंने अधिकारियों को टेंडर फेल होने की स्थिति में दूसरा विकल्प तैयार रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रभारी अधिकारी पूरे समय खरीद केन्द्र पर मौजूद रहे और उसकी पूरी जिम्मेदारी निर्धारित हो, इसके लिए एक अधिकारी को एक से अधिक खरीद केन्द्र का चार्ज नहीं दिया जाएगा।




श्री दक ने निर्देश दिए कि उप रजिस्ट्रार खरीद केन्द्रों का जायजा लेकर वहां टेंट, छाया, पानी आदि की समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। साथ ही, ठेकेदार के साथ बैठक कर यह सुनिश्चित कर लिया जाए कि उसके पास खरीद के लिए पर्याप्त संसाधन हैं। उन्होंने कहा कि खरीद केन्द्रों पर दलालों द्वारा माल तोलने की समस्या नहीं होनी चाहिए। सहकारिता मंत्री ने कहा कि चूंकि बाजार भाव की तुलना में समर्थन मूल्य की दरें आकर्षक हैं लिहाजा खरीद केन्द्रों पर बड़ी मात्रा में सरसों-चना बिक्री के लिए आएंगे। ऐसी स्थिति में रजिस्ट्रेशन की संख्या के अनुरूप अतिरिक्त खरीद केन्द्र खोले जाएं। उन्होंने कहा कि खरीद का लक्ष्य पूरा हो, इसके पूरे मनोयोग से प्रयास किए जाएं।

सहकारिता मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि खरीद केन्द्रों वाली क्रय-विक्रय एवं ग्राम सेवा सहकारी समितियों के पदाधिकारियों के साथ 25 मार्च से पूर्व बैठक कर सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर लें। बारदाने की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। खरीद केन्द्रों पर गुणवत्ता मापदण्डों का बैनर लगाया जाए। साथ ही, इस संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए कि खरीद केन्द्रों पर किसानों को उपज बेचान में किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी।

सहकारिता विभाग की प्रमुख शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां श्रीमती मंजू राजपाल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि 10 अप्रेल से खरीद प्रक्रिया शुरू करने के अनुरूप समय पर सभी तैयारियां पूरी की जाएं। किसानों को एमएसपी का पूरा लाभ मिले यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी प्रतिनिधि के उपलब्ध नहीं होने की वजह से टेंडर प्रक्रिया में देरी हो रही है तो कमेटी में दूसरे प्रतिनिधि को शामिल करवाया जाए। साथ ही, शिकायत मिलने के बाद निरीक्षण की बजाय अधिकारी नियमित आधार पर खरीद केन्द्रों का निरीक्षण करें। इससे पूर्व राजफेड के प्रबंध निदेशक श्री टीकमचन्द बोहरा ने खरीद को लेकर की जा रही तैयारियों के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने आश्वस्त किया कि सभी तैयारियां समयबद्ध रूप से पूरी कर ली जाएंगी। बैठक में संयुक्त शासन सचिव श्री दिनेश कुमार जांगिड़ सहित राजफेड के अधिकारी मौजूद रहे। जबकि समस्त खण्डीय अतिरिक्त रजिस्ट्रार, उप रजिस्ट्रार तथा राजफेड के क्षेत्रीय अधिकारी वीसी के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

## कल्याण भूमि में अग्निदान के लिए हवा से बचाव हेतु रोलर भेंट



जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** यंग मैन एसोसिएशन समिति ने वॉर्ड नंबर 10 बाबा रामदेव मंदिर के पीछे स्थित रूपनगर कल्याण भूमि में अग्निदान के लिए हवा से बचाव हेतु रोलर भेंट किए । कल्याण भूमि के अध्यक्ष जिले सिह यादव द्वारा संस्था को अवगत करवाने पर संस्था द्वारा 2 रोलर बनवा कर दिए गए। यंग मैन एसोसिएशन समिति अध्यक्ष सन्नी चुघ ने संस्था के सदस्यों के साथ विचार विमर्श करके संस्था के प्रोजेक्ट चेयरमैन संजय शर्मा ने तुरंत प्रभाव से रोलर का निर्माण करवाकर कल्याण भूमि सदस्यगण को सौंपा गया। कल्याण भूमि अध्यक्ष जिले सिंह ने संस्था के सदस्यों को श्याम पटका पहनाकर धन्यवाद प्रकट किया और कल्याण भूमि की जरूरतों से अवगत करवाया। इस अवसर पर अध्यक्ष सन्नी चुग, प्रोजेक्ट चेयरमैन संजय शर्मा, सचिव पवन मुंजाल, कोशाध्यक्ष दीपक गर्ग, वरिष्ठ सदस्य डॉ आर आर यादव, गुलशन धानुका, अंकित गर्ग, कल्याण भूमि अध्यक्ष जिले सिह यादव, इन्द्र शर्मा, भावर यादव, करम चंद, सरोज कुमार, राजेश पेंटर, गौतम, गंगा राम, भगवाना राम एवम शहर के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## 13 लाख के अंडरगारमेंट्स चुराए

**रीवा।** रीवा पुलिस ने 13 लाख रुपए के चोरी किए गए अंडर गारमेंट्स बरामद किए। जिसके लिए पुलिस ने 100 से अधिक सरकारी सीसीटीवी फुटेज खंगाले। इसके साथ ही चोर के मूमेंट का पता लगाया। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। बता दें कि, रीवा शहर के एक नामचीन अंडर गारमेंट डीलर सुरेश मेहनानी ने मंगलवार को अपने गोदाम से 13 लाख रुपए के अंडरगार्मेंट्स चोरी होने की शिकायत कोतवाली थाने में दर्ज कराई थी। इसके बाद कोतवाली प्रभारी अरविंद राठौड़ ने विक्रम पुल के करीब लगे कैमरों की जांच शुरू की। पुलिस ने 100 से अधिक फुटेज खंगाले। कंट्रोल रूम में हर फुटेज का गहन अध्ययन किया।

## भामाशाह सम्मान समारोह 2024 का आयोजन

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** आज दिनांक 19 मार्च 2025 को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, हनुमानगढ़ टाउन में जिला स्तरीय भामाशाह सम्मान समारोह 2024 का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी श्री पन्नालाल कडेला ने की, जबकि कार्यक्रम की संयोजक जिला शिक्षा अधिकारी (प्रा.) श्रीमती सीमा भल्ला रहीं। इस अवसर पर भाजपा नेता श्री अमित साहू, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष श्री देवेन्द्र पारीक, भाजपा जिला महामंत्री श्री विकास गुप्ता तथा भाजपा नेता श्रीमती गुलाब सिंवर विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। समारोह के दौरान समाज के विभिन्न भामाशाहों एवं प्रेरकों को प्रतीक चिन्ह, प्रमाण पत्र एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

इस वर्ष अनेक भामाशाहों ने विभिन्न राजकीय विद्यालयों में शिक्षा एवं बुनियादी सुविधाओं के विकास हेतु महत्वपूर्ण आर्थिक योगदान दिया। इनमें प्रमुख रूप से कृष्ण लाल (6,50,000), जगदीश चंद्र (7,51,000), जसवंत सिंह (7,00,000), सिंगाराम (6,50,000), राजेंद्र (10,00,000), उषा डागा (10,00,000), जय सिंह रुहिल (6,50,000), श्याम सुंदर (7,00,000), नवल किशोर (6,09,000), भंवरलाल (5,95,000), राकेश कुमार करीर (6,00,000), दयालराम (1,01,010), रोहित कुमार निवाद (1,00,100), मोहित साहने (1,18,744), प्रतीक शर्मा (1,65,000) आदि शामिल रहे।




इसके अतिरिक्त, प्रेरक सम्मान के रूप में बालकृष्ण ब्यास (13,90,000), हनुमान प्रसाद ब्यास (10,00,000), कोहर सिंह (6,50,000), ललिता भादु (5,95,000), राजेंद्र चाचाण (20,00,000), राम कुमार परिहार (7,00,100), इंद्रजीत साहू (6,03,000), सुभाष गोदारा (5,01,000), डॉ. नीलम शर्मा (12,00,000) एवं श्रीमती पूनम जादौन आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

इस कार्यक्रम में श्रीमती मधु बाला (सीबीईओ पीलीबंगा), श्री लाल चंद (सीबीईओ टिब्बी), सागरमल (एसीबीईओ भादरा), सुभाष घोटिया (सहायक निदेशक), पुरुषोत्तम शर्मा (एपीसी समसा), दीपक मिड्ढा (एसीबीईओ हनुमानगढ़), रजनीश गोदारा (एसीबीईओ पीलीबंगा) तथा प्रधानाचार्या श्रीमती अनीता शर्मा (राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, हनुमानगढ़ टाउन) उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्रधानाचार्या श्रीमती सरिता नारंग, प्रवीण नागपाल, मनोज पारीक, यशपाल सिंह बरा, रेवंत राम, सौरभ गर्ग, अतर सिंह एवं दीक्षा अरोड़ा का विशेष योगदान रहा। मंच संचालन श्रीमती सरिता राघव ने किया, जबकि कार्यक्रम में देव चुघ एवं स्थानीय विद्यालय की एनएसएस छात्राओं ने भी विशेष सहयोग दिया। यह समारोह समाज में शिक्षा और जनसेवा की भावना को प्रोत्साहित करने हेतु एक महत्वपूर्ण पहल साबित हुआ।

## शौच करने जा रहे व्यक्ति को ट्रक ने कुचला, मौत

जनमार्ग न्यूज

**मुरैना।** मुरैना जिले में शौच के लिए गए व्यक्ति को तेज रफ्तार ट्रक कुचल कर चला गया, इसमें व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं दूसरे मामले में एक बाइक की टक्कर से व्यक्ति की मौत हो गई। घटना बुधवार और गुरुवार की है।

पहली घटना गुरुवार सुबह सराय छोला थाना क्षेत्र में घटी। दूसरी घटना बुधवार, गुरुवार की दरमियानी रात बागचीनी थाना क्षेत्र में हुआ। दोनों मामलों में आरोपियों को पता नहीं चल सका है। संबंधित थानों की पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। सराय छोला थाना पुलिस ट्रक की तलाश में जुटी है, जबकि बागचीनी थाना पुलिस बाइक चालक की पहचान में लगी है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही दोषियों की गिरफ्तारी की जाएगी। मुरैना के सराय छोला थाना क्षेत्र के बंधा गांव निवासी रमेश शर्मा पुत्र परमानंद शर्मा, गुरुवार की सुबह करीब 4 बजे शौच के लिए घर से निकले थे। तभी सड़क पर जाते हुए तेज रफ्तार ट्रक ने उसमें टक्कर मार दी। रमेश की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर छोला थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

## सुप्रीमा चितलांगिया वैश्य समाज महिला संगठन की नगर अध्यक्ष मनोनीत



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** वैश्य समाज द्वारा आयोजित होली स्नेह मिलन समारोह में समाज की अनेक गणमान्य और प्रतिष्ठित महिलाएं शामिल हुईं। इस आयोजन में समाज के प्रति समर्पण और सामाजिक योगदान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सर्वसम्मति से एडवोकेट सुप्रीमा चितलांगिया को वैश्य समाज महिला संगठन का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया। समारोह में एडवोकेट सुप्रीमा चितलांगिया ने कहा कि वह समाज की महिलाओं को साथ लेकर समाज के उत्थान के लिए कार्य करेंगी और समाज की प्रगति के लिए लगातार प्रयास करेंगी। उल्लेखनीय है कि एडवोकेट सुप्रीमा चितलांगिया पूर्व में किशोर ने बोर्ड की सदस्य तथा अपर लोक अभियोजक श्रीगंगानगर के पद पर भी रही हैं। उनके समाज में योगदान को देखते हुए उन्हें इस महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया गया है। समारोह में समाज के विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के योगदान पर चर्चा की। उन्होंने एकजुटता और सहयोग की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया। समारोह में मनोरमा बैद, प्रदेश अध्यक्ष पारु बंसल, प्रदेश मंत्री उमा बांथिया, अध्यक्ष स्वीटी जैन, मंत्री लक्ष्मी बंसल, प्रेरणा चितलांगिया, दीपिका बंसल, आभा मित्तल, सरला महिपाल, सरला गुप्ता, ममता जैन, वंदना जैन, पुष्पा जैन, परिणीता जैन, उपासना गर्ग, अनीता जैन, पूनम तायल, सीमा अग्रवाल, मनाली जैन आदि प्रमुख महिलाएं उपस्थित थी।

## योगा एंड प्रेक्षा मेडिटेशन में मीनाक्षी सेतिया अरोडवंश गर्ल्स कॉलेज का शत-प्रतिशत परिणाम





जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** मीनाक्षी सेतिया अरोडवंश गर्ल्स पीजी कॉलेज की छात्राओं ने सर्टिफिकेट कोर्स इन योगा एंड परीक्षा मेडिटेशन में संभाग में उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम दिया है। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ मीनल कोचर ने बताया कि मीनाक्षी सेतिया अरोडवंश गर्ल्स पीजी कॉलेज जिले का एकमात्र संस्थान है, जहां एमए योगा एंड साइंस ऑफ़ लिविंग तथा सर्टिफिकेट कोर्स इन योगा एंड प्रेक्षा मेडिटेशन कोर्सेज करवाए जाते हैं।इसमें नौकरियों के बेहतरीन अवसर मिल रहे हैं।विश्वविद्यालय द्वारा घोषित सर्टिफिकेट कोर्स इन योगा एंड प्रेक्षा मेडिटेशन परीक्षा परिणाम में मीनाक्षी सेतिया अरोडवंश गर्ल्स पी.जी कॉलेज का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। मनविंदरकौर (पुत्री कुलविंदरसिंह) ने 81.67 प्रतिशत तथा सृष्टि (पुत्री त्रिलोकचंद) ने 81.33 प्रतिशत प्राप्त कर महाविद्यालय तथा जिले का नाम रोशन किया। महाविद्यालय मुख्य सलाहकार विजय सेतिया तथा संपूर्ण प्रबंध समिति सदस्यों ने विद्यार्थियों को हौसला अफजाई करते हुए उन्हें भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

## सीडब्ल्यूएसएन विद्यार्थियों हेतु खेल गतिविधि का आयोजन



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद के दिशा-निर्देश अनुसार समग्र शिक्षा के समावेशी विभाग द्वारा विशेष आवश्यकता वाले विद्यार्थियों को सामान्य बालक बालिकाओं के समान ही सर्वांगीण विकास के अवसर प्रदान करने, उन्हें आत्मविश्वास के साथ स्वतंत्र जीवन यापन करने के योग्य बनाने, बाहरी वातावरण के ज्ञान द्वारा आत्मविश्वास और व्यक्तित्व विकास हेतु अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से समग्र शिक्षा की वार्षिक कार्य में समावेशी शिक्षा योजना अंतर्गत खेल की गतिविधि का आयोजन जिला स्तर पर 19 मार्च 2025 को श्री गुरुनानक खालसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल तीन पुली रोड में आयोजन किया गया। अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक अरविंदर सिंह ने बताया कि इस आयोजन के अंतर्गत जिले के राजकीय विद्यालयों में अध्यनरत सभी श्रेणियां के विशेष आवश्यकताओं वाले विद्यार्थियों द्वारा भाग लिया गया। ब्लॉक स्तर पर खेल गतिविधि में भाग ले चुके बालक बालिकाओं को जिला स्तर पर खेल गतिविधि में भाग लेने का अवसर प्राप्त हुआ। समावेशी शिक्षा जिला समन्वयक भूपेंद्र कुमार स्वामी ने बताया कि खेल गतिविधि अंतर्गत सामूहिक व एकल दोनों तरह की गतिविधियों को शामिल किया गया। खेल गतिविधियों में प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। खेल-गतिविधियों में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों के नाम इस प्रकार हैं – जूनियर वर्ग में 50 मीटर दौड़- कन्हैयालाल रायसिंहनगर ब्लॉक, तन्वी श्रीगंगानगर ब्लॉक, सीनियर वर्ग की 100 मीटर दौड़ में पूजा सादुलशहर ब्लाक, अर्शदीप सिंह करणपुर ब्लॉक, लाभ सिंह श्रीगंगानगर ब्लॉक, पन्नालाल श्रीगंगानगर ब्लॉक, लीलावती करणपुर ब्लॉक, विजय करणपुर ब्लॉक, स्पेशल ओलंपिक भारत के खेल बूची में जितेंद्र सादुलशहर ब्लॉक, जयवीर करनपुर ब्लॉक, नैतिक स्वामी श्रीगंगानगर ब्लॉक, शॉटपुट में अरविंद रायसिंहनगर, देवेंद्र करणपुर, दानवीर श्रीगंगानगर, चम्मच दौड़ में तन्वी, चंद्रकला प्रथम रहे। खेल गतिविधि में भाग लेने वाले सभी विशेष आवश्यकता वाले बालक बालिकाओं तथा अभिभावकों को आने जाने का किराया तथा भोजन चाय नाश्ते की व्यवस्था समग्र शिक्षा श्रीगंगानगर द्वारा की गई। कार्यक्रम में विशेष रूप से सहयोग विशेष शिक्षक राकेश कुमार, गुरतेज सिंह, विनोद कुमार, धर्मपाल, भगतुराम, सत्यपाल शर्मा, शारीरिक शिक्षक जसतिन्द्र सिंह, जगमोहन सिंह, स्पेशल ओलंपिक भारत से रणजीत सिंह तथा नरेंद्र कुमार द्वारा किया गया। मंच संचालन पतराम चौधरी द्वारा किया गया।

## गुब्बारे उड़ाकर किया सुनीता विलियम्स का स्वागत



जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** मिशन ऑफ होप एंड इंटिग्रिटी टुगेदर सोसायटी ने बुधवार को रंगीन गुब्बारे उ?ाकर नौ माह तक अंतरिक्ष में फंसे रहने के बाद पृथ्वी पर लौटी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स का स्वागत किया। अध्यक्ष रविंद्र छाबड़ा ने बताया कि इस मौके पर सकुशल पृथ्वी पर लौटने पर खुशियां मनाई गई। नारी सम्मान मेरा अभिमान अभियान के तहत हुए आयोजन में सरिता शर्मा ने सुनीता विलियम्स के पृथ्वी पर लौटने और नारी के सम्मान के बारे में बताया। उन्होंने जल बचत का संदेश देते हुए कहा कि शुद्ध पानी सीमित है, पानी की एक एक बूंद का सदुपयोग करना चाहिए। पक्षियों के लिए परिंडे लगाने का आग्रह भी किया।

जनमार्ग पढ़ें
ताजा खबरें
ज्यादा खबरें

## बिना बताए घर से निकली महिला

जनमार्ग न्यूज

**नाथूसरी कलां, सिरसा।** सिरसा जिले में एक महिला अपने तीन छोटे बच्चों के साथ लापता हो गई है। वह किसी को बताए बिना ही घर से निकली थी। पुलिस ने गुमशुदगी का केस दर्ज करके उसकी तलाश शुरू कर दी है। फिलहाल बच्चों व महिला का कोई सुराग नहीं लगा है। जानकारी अनुसार, गांव जोधका निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी 18 मार्च को सुबह 10 बजे बिना किसी को बताए घर से चली गई। उनके साथ 11 वर्षीय बेटी, 7 वर्षीय बेटी और साढ़े 5 वर्षीय बेटा भी थे। उसने बताया कि उन्होंने रिश्तेदारों और जान-पहचान वालों के यहां तलाश की। कहीं से कोई सुराग नहीं मिलने पर उन्होंने डिंग थाने में शिकायत दर्ज कराई। लापता महिला बाला की उम्र 30 साल है। वह गोरे रंग की और पतले शरीर की है। उसका कद 5 फुट 2 इंच है। गायब होते समय वह लाल रंग का सूट पहने थी और पैरों में हवाई चप्पल थी। पुलिस ने पति की शिकायत पर भारतीय दंड संहिता की धारा 127(6) बीएनएस के तहत थाना डिंग में मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच एएसआई जुगलाल को सौंपी गई है। पुलिस ने प्राथमिक सूचना रिपोर्ट दर्ज कर संबंधित अधिकारियों को सूचित कर दिया है।

# राजस्थान पैरा कबड्डी टीम राष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए दिल्ली रवाना

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय पैरा कबड्डी टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए राजस्थान पैरा कबड्डी टीम दिल्ली के लिए रवाना हो गई। यह टूर्नामेंट 20 से 23 मार्च 2025 तक वनस्थली पब्लिक स्कूल, एनसीआर दिल्ली में आयोजित होगा, जिसमें राजस्थान की टीम राज्य का प्रतिनिधित्व करेगी।

टीम के रवाना होने से पूर्व हनुमानगढ़ जंक्शन स्थित अम्बेडकर भवन में खिलाड़ियों के लिए विशेष किट वितरण एवं आशीर्वाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि डॉ. एम. पी. शर्मा ने कहा कि पैरा खिलाड़ी आज न केवल अपने क्षेत्र बल्कि देश का भी नाम रोशन कर रहे हैं। विशिष्ट अतिथि शंकर सोनी ने कहा कि खेलों से शारीरिक एवं मानसिक विकास होता है और युवा इससे प्रेरणा लेकर अपने जीवन को सकारात्मक दिशा दे सकते हैं। टीम की तैयारी को लेकर 15 से 19 मार्च तक हनुमानगढ़ जंक्शन में विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया था। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य टीम के खिलाड़ियों के बीच आपसी तालमेल बढ़ाना और उनकी खेल क्षमता को विकसित करना था। इस आयोजन से खिलाड़ियों को काफी लाभ हुआ और वे आत्मविश्वास से भरपूर नजर आए। शिविर का आयोजन राही सोशल वेलफेयर सोसाइटी, हनुमानगढ़ द्वारा किया गया था, जबकि अम्बेडकर भवन टीम ने खिलाड़ियों के ठहरने की निःशुल्क व्यवस्था की थी।

राजस्थान पैरा कबड्डी के संस्थापक अर्जुन अवार्डी जगसीर सिंह ने इस अवसर पर कहा कि खेलों से युवाओं को नशे से दूर रखने में मदद मिलती है। उन्होंने टीम को शुभकामनाएं दीं और खिलाड़ियों से अपनी पूरी मेहनत और समर्पण के साथ खेल में हिस्सा लेने का आग्रह किया। इस कार्यक्रम में एडवोकेट दीपक सोनी, कृष्ण कुमार जांगिड़, मनसुखजीत सिंह, प्रदीप कड़वा, लखपत राय, एडवोकेट धारीवाल अम्बेडकर नवयुवक संघ हनुमानगढ़ के सदस्य, राजस्थान टीम मैनेजर योगेश कुमावत, चीफ कोच सुनील सामरिया, विक्रम सिंह और लखवीर सिंह उपस्थित रहे। राजस्थान पैरा कबड्डी टीम के प्रमुख खिलाड़ियों में चेतराम, दीपचंद, गुरप्रीत, भीयाराम, शाहिद अली, लोकराम, मदनलाल, तगाराम, नरेंद्र, रामावतार, पंकज, मनीष समेत अन्य कई खिलाड़ी शामिल हैं। गौरतलब है कि पिछले वर्ष नवंबर में आयोजित ओपन नॉर्थ जोन कप में राजस्थान की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजेता का खिताब जीता था। इस बार भी टीम पूरी ऊर्जा और आत्मविश्वास के साथ राष्ट्रीय टूर्नामेंट में अपना दमखम दिखाने के लिए तैयार है। पूरे राजस्थान के खेल प्रेमियों की निगाहें इस टूर्नामेंट पर टिकी हुई हैं, और सभी को उम्मीद है कि टीम एक बार फिर प्रदेश का नाम रोशन करेगी।




## मारपीट कर दामाद का अपहरण

### पत्नी ने पति से विवाद के बाद बुलाए मायके वाले

जनमार्ग न्यूज

**फरीदाबाद।** फरीदाबाद के थाना पल्ला इलाके में पत्नी से विवाद भारी प? गए। महिला के मायके वालों ने उसके घर आकर दामाद को बुरी तरह से पीटा और इसके बाद उसे घसीटते हुए गाड़ी में डाल लग गए। दामाद के अपहरण का मामला सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया। सूचना के बाद पुलिस हरकत में आई और व्यक्ति को दिल्ली के बिजवासन से मुक्त कराया। चोटें लगी होने के कारण उसको अस्पताल में दाखिल कराया गया। पुलिस ने केस दर्ज करके छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में एक व्यक्ति राधे श्याम ने बताया कि वे दिल्ली के नजफगढ़ के रहने वाले हैं। उन्होंने 2021 में अपने बेटे संतोष की शादी बिजवासन निवासी नीलम से की थी। शादी के बाद से ही नीलम का परिवार के साथ विवाद रहता था। करीब ढाई साल पहले नीलम ने संतोष की मां और बहन के साथ मारपीट की थी। इस घटना का मेडिकल और पुलिस केस भी दर्ज हुआ था। उसने बताया कि उसका बेटा संतोष पत्नी नीलम और दो बच्चों के साथ फरीदाबाद के पल्ला इलाके में रहने लगा। वह फल-फ्रूट की रेहड़ी लगाकर अपना घर चला रहा था। उसने बताया कि 19 मार्च को दोपहर बाद 3ः30 बजे नीलम, उसकी मां महारानी और बहन भावना पांच अन्य लड़कों के साथ संतोष की दुकान पर आए। उन्होंने संतोष के साथ मारपीट की और जबरन अर्टिगा गाड़ी में डालकर दिल्ली के बिजवासन ले गए। थाना पल्ला पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संतोष को बिजवासन से बरामद कर लिया। मारपीट में संतोष के चेहरे, पसली और शरीर के कई हिस्सों में चोट आई है। प्राथमिक इलाज के बाद उसे माता-पिता के हवाले कर दिया गया है।पुलिस के अनुसार, जानकारी मिली है कि आए दिन पति-पत्नी में झगड़ा होता रहता था और उसकी सास महारानी बहन भावना और उसके ससुराल वाले सभी नीलम का ही पक्ष करते थे। इसी के चलते संतोष के साथ उस दिन भी मारपीट हुई।



# पुलिस ने 50 किसान हिरासत में लिए, बस में सवार कर लाया गया

### फिरोजपुर हाईवे जाम करने जा रहे थे

जनमार्ग न्यूज

**फाजिल्का।** शंभू बॉर्डर पर किसानों के खिलाफ पंजाब पुलिस ने बड़ा एक्शन लिया, किसानों के धरने को हटा दिया गया। जिसके विरोध में आज फाजिल्का में भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धपुर से जुड़े किसान फाजिल्का-फिरोजपुर हाईवे पर थेहकलंदर टोल प्लाजा के नजदीक हाईवे जाम करने जा रहे थे द्य लेकिन पुलिस ने मौके पर कार्रवाई करते हुए करीब 50 किसानों को हिरासत में ले लिया। जानकारी के अनुसार, आज (गुरुवार को) भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धपुर से जुड़े दर्जनों किसान थेहकलंदर के नजदीक एकत्र हुए। जिनके द्वारा फाजिल्का-फिरोजपुर हाईवे पर थेहकलंदर टोल प्लाजा के नजदीक हाईवे जाम करने की तैयारी की जा रही थी कि पुलिस द्वारा मौके पर कार्रवाई कर दी गई द्य बड़ी संख्या में पहुंचे पुलिस बल ने न सिर्फ स्थिति पर काबू पाया, बल्कि इन किसानों को डिटेन कर लिया गया और इन्हें अपनी पुलिस बसों में सवार कर फाजिल्का लाया जा रहा है। बता दें कि, किसान यूनियन के नेताओं को पहले ही पुलिस द्वारा हिरासत में लिया जा चुका है द्य गांव पक्का चिश्ती से भारतीय किसान यूनियन एकता सिद्धपुर की इकाई के सदस्य सुरिंदर कुमार ने बताया कि आज रोड जाम करने के लिए वह एकत्र हुए थे द्य जिसमें गांव के इकाइयों के अध्यक्ष और मेंबर मौजूद थे द्य जिन्हें पुलिस ने डिटेन कर लिया।




# बच्चे की सांस नली में चना फंसा, मौत

### खाते ही सांस फूलने लगी, आंखें पलट गई; मां बोली-सोचा नहीं था, दाना जान लेगा

जनमार्ग न्यूज

**रीवा।** रीवा जिले के सेमरा गांव में बुधवार शाम दो साल के बच्चे की चना खाने से मौत हो गई। सांस नली में चना फंसने के कारण बच्चे की हालत अचानक बिगड़ गई और अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसने दम तोड़ दिया। जानकारी के मुताबिक, रौनक साहू (2) को शाम करीब 4 बजे भूख लगी तो उसने प्लेट में रखा चना खा लिया। कुछ ही सेकेंड में उसकी सांस फूलने लगी और आंखें पलट गईं। परिजन घबरा गए और आनन-फानन में उसे रीवा के संजय गांधी अस्पताल लेकर गए, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।



**सांस नली में फंसे चने से मौत:** संजय गांधी अस्पताल के प्रवक्ता डॉ. यत्नेश त्रिपाठी ने बताया कि चना सांस नली में फंस जाने से बच्चे की मौत की सूचना मिली है। यह कोई अप्रत्याशित घटना नहीं है, ऐसा पहले भी हो चुका है। बच्चों को ठोस और सूखा खाना खिलाते समय खास सावधानी बरतनी चाहिए। शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया है। रिपोर्ट आने के बाद मौत के सही कारणों की पुष्टि होगी। फिलहाल शव परिजन को सौंप दिया गया है।

**मां के सामने तड़पता रहा मासूम:** बच्चे की मौत के बाद उसकी मां अनीता साहू का रो-रोकर बुरा हाल है। अनीता ने कहा कि बेटा पूरी तरह स्वस्थ था, मेरी गोद में खेल रहा था। अचानक चना खाया और कुछ ही पलों में तड़पने लगा। मैंने कभी सोचा भी नहीं था कि चना उसकी जान ले लेगा। बच्चे के मामा राजा साहू ने बताया कि रौनक को पहले कोई स्वास्थ्य समस्या नहीं थी। वह पूरी तरह स्वस्थ था, लेकिन एक चने के दाने ने उसकी जान ले ली।

# हरियाणा में फर्जी आईपीएस ऑफिसर गिरफ्तार

### ❑ दिल्ली का डीसीपी बता मांगी पायलट, ❑ नोएडा में सीनियर मैनेजर, महिला से छेड़छाड़ का भी आरोपी

जनमार्ग न्यूज

**फरीदाबाद।** हरियाणा के फरीदाबाद पुलिस ने एक फर्जी आईपीएस अधिकारी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने खुद को दक्षिणी दिल्ली का डीसीपी सुरेंद्र चौधरी बताकर पुलिस को गुमराह किया और पायलट की मांग की। पुलिस जांच में पता चला कि आरोपी नोएडा की एक प्राइवेट कंपनी में सीनियर मैनेजर के पद पर कार्यरत है। मामले में एक महिला से छेड़छाड़ का भी एंगल सामने आया है। बताया जा रहा है कि आरोपी ने पुलिस पर रौब झाड़ने की कोशिश की और जब पहचान पत्र दिखाने को कहा गया तो वह घबरा गया। शक होने पर पुलिस ने कड़ाई से पूछताछ की, जिसके बाद उसकी सच्चाई सामने आई। पल्ला थाना एसएचओ रणवीर सिंह के अनुसार, बुधवार रात करीब 9ः30 बजे फरीदाबाद सेंट्रल डीसीपी उषा मैडम की कॉल आई। उन्होंने बताया कि डीसीपी सुरेंद्र चौधरी फरीदाबाद आ रहे हैं और उनके लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने एक मोबाइल नंबर भी दिया, कहा कि- इस नंबर पर बात कर लो। इसके बाद एसएचओ ने दिए गए नंबर पर कॉल किया। कॉल सुनने वाले ( गौरव ) ने खुद को दक्षिणी दिल्ली का डीसीपी सुरेंद्र चौधरी बताते हुए पुलिस पायलट की मांग की। एसएचओ ने बताया कि फोन पर हुई बातचीत में उसे शक हुआ। इस पर उन्होंने कॉल सुनने वाले को मिलने के लिए बुलाया। कुछ देर बाद ही एक आदमी उनके पास पहुंचा और खुद को डीसीपी सुरेंद्र चौधरी बताया। रणवीर सिंह ने शक की पुष्टि करने के लिए उससे उसका आईडी कार्ड मांगा गया तो वह आनाकानी करने लगा। इसके बाद एसएचओ ने दक्षिणी दिल्ली के जैतपुर थाने से संपर्क किया। वहां से पता चला कि असली डीसीपी सुरेंद्र चौधरी काफी समय पहले ही रिटायर हो चुके हैं। वर्तमान में उनके यहां डीसीपी सुरेंद्र चौधरी के नाम से कोई तैनाती नहीं है। यह जानकारी मिलते ही हिरासत में ले लिया गया। आरोपी की पहचान गौरव शर्मा के रूप में हुई। पुलिस जांच में सामने आया कि गौरव शर्मा के खिलाफ फरीदाबाद के सेंट्रल थाने में एक महिला द्वारा छेड़छाड़ और यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराई गई थी। जब पुलिस उससे पूछताछ करती, तो वह खुद को आईपीएस अधिकारी बताकर पुलिस को ही धमकाता था। एसएचओ रणवीर सिंह ने बताया कि फिलहाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ फर्जी अधिकारी बनकर सरकारी काम में बाधा डालने, धमकी देने और महिला से दुर्व्यवहार करने की धाराओं में मामला दर्ज किया है। पल्ला थाना पुलिस इस मामले की आगे जांच कर रही है और यह भी पता लगाने की कोशिश कर रही है कि आरोपी ने इससे पहले कहीं और इसी तरह की हरकतें तो नहीं की।



# पांच गांवों के निराश्रित गोवंश को मिलेगा ठिकाना



## अनूपगढ़ में 12 बीघा में बनी श्री हरिओम गौशाला का कल होगा उद्घाटन

**अनूपगढ़।** अनूपगढ़ के गांव 6 पी में निराश्रित पशुओं को आश्रय देने के लिए श्री हरिओम गोशाला समिति की नई शाखा तैयार हो गई है। इस गोशाला का उद्घाटन 24 मार्च 2025 को संतों की उपस्थिति में किया जाएगा। गौभक्त शमशेर सिंह के अनुसार, गोशाला का निर्माण 12 बीघा भूमि पर किया गया है। समिति के प्रधान महेंद्र छाबड़ा ने बताया कि इस गोशाला में पांच ग्राम पंचायतों के पशुओं को रखा जाएगा। इन पंचायतों में 6 पी, 8 के (बी), 15 ए (बी), 12 ए (बी) और 9 एलएम (बी) शामिल हैं। श्री हरिओम गोशाला समिति के सदस्य मक्खन सिंह ने गोभक्तों से निर्माणाधीन गोशाला में सहयोग की अपील की है। उन्होंने कहा कि सहयोग से निराश्रित गोवंशों को उचित आश्रय मिल सकेगा।

## बस्तर में दो मुठभेड़ में 24 नक्सली मारे गए

### बीजापुर में 20, कांकेर में 4 का एनकाउंटर; शव-हथियार बरामद, फायरिंग जारी

जनमार्ग न्यूज

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ के बस्तर में दो मुठभेड़ में फोर्स ने 24 नक्सलियों को मार गिराया है। बीजापुर में 20 और कांकेर में 4 नक्सली मारे गए हैं। ऑटोमैटिक हथियार सहित सभी के शव बरामद कर लिए गए हैं। वहीं डीआरजी (डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड) का एक जवान शहीद हो गया है। बीजापुर-दंतेवाड़ा बॉर्डर पर नक्सलियों के कोर इलाके में फोर्स घुसी है। जवानों ने नक्सलियों के बड़े कैडर्स को घेर रखा है। दोनों तरफ से फायरिंग अब भी जारी है। बस्तर द्बत्न सुंदरराज पी ने इसकी पुष्टि की है। वहीं नारायणपुर-दंतेवाड़ा बॉर्डर पर स्थित थुलथुली इलाके में द्बश्वष्ठ ब्लास्ट की चपेट में आने से दो जवान जख्मी हैं। दोनों की हालत खतरे से बाहर है। यहां भी सर्च ऑपरेशन चल रहा है। छत्तीसगढ़ में इस साल अब तक 71 नक्सली मारे गए हैं, पुलिस के मुताबिक 2024 में अलग-अलग मुठभेड़ों में जवानों ने करीब 300 नक्सलियों को ढेर किया है, 290 हथियार जब्त किए गए हैं।

## मरीज ने छठीं मंजिल से कूदकर किया सुसाइड

### खानपुर मेडिकल कालेज में था भर्ती

जनमार्ग न्यूज


**सोनीपत।** सोनीपत के खानपुर मेडिकल कालेज में एक मरीज ने छठीं मंजिल से कूदकर सुसाइड कर लिया। मृतक मानसिक रुप से परेशान बताया जा रहा था। उसका खानपुर मेडिकल कालेज में इलाज चल रहा था। मृतक की पहचान राई विधानसभा क्षेत्र के गांव जखोली निवासी सुनील के रूप में हुई है। मौके पर अस्पताल प्रशासन और स्थानीय पुलिस पहुंची है। मौके पर एफएसएल टीम को भी सूचना दी गई है। सुनील कई दिनों से छाती- लीवर की समस्या के चलते मेडिकल खानपुर में चौथी मंजिल पर स्थित वार्ड में भर्ती था। वहीं, तीमारदार के तौर पर उसकी पत्नी भी साथ रह रही थी। अस्पताल में वही उनकी देखने कर रही थी। आज वह चौथी मंजिल से छठीं मंजिल पर चला गया नीचे छलांग लगा दी। जमीन पर गिरते ही उसकी मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, सुनील मानसिक रूप से भी परेशान था और जिसका मनोरोग डॉक्टर के पास खानपुर मेडिकल के वार्ड नंबर 18 में इलाज भी चल रहा था। जिस समय वह छठीं मंजिल से कूदा, उसकी पत्नी दवाई लेने के लिए मेडिकल स्टोर पर गई थी।

## तालाब में डूबने से युवती की मौत

**कैथल।** कैथल के गांव चंदाना में तालाब में डूबने से 23 वर्षीय युवती की मौत हो गई। वह सुबह सैर के लिए गई थी। जैसे ही युवती तालाब किनारे गई तो पैर फिसलकर तालाब में गिर गई और उसकी मौत हो गई। घटना वीरवार को सुबह करीब पांच बजे की है। जैसे ही गांव के लोग अपने पशुओं को नहलाने व पानी पिलाने के लिए तालाब पर लेकर गए तो उन्हें पानी के ऊपर लड़की का शव दिखाई दिया। ग्रामीणों ने तुरंत इस संबंध में पुलिस को सूचना दी और लड़की के परिजनों को इस बारे में बताया। परिजन मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की सहायता से शव को बाहर निकाला। मृतक युवती की पहचान गांव निवासी भतेरी के रुप में हुई है। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू की। ग्रामीणों ने बताया कि युवती रोजाना सुबह सैर के लिए तालाब की ओर जाती थी।

# ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मिर्जेवाला की बैठक संपन्न

## ❑ पार्टी पूरे एक्टिव मोड पर, जमीन स्तर के कार्यकर्ता तक पहुंचने की कवायद शुरू: मूलाराम भादू






जनमार्ग न्यूज

**दौलतपुरा।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मिर्जेवाला की बुधवार 19 मार्च 2025 को पीसीसी महासचिव एवं विधानसभा प्रभारी *मूलाराम भादू* ने बैठक ली। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अंकुर मिगलानी ने की। *प्रभारी मूलाराम भादू* ने सभी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आश्वस्त किया कि सभी कार्यकर्ताओं और पदाधिकारी का उचित मान सम्मान किया जाएगा निष्क्रिय कार्यकर्ताओं की जगह पर नए कार्यकर्ताओं को मौका दिया जाएगा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा का स्पष्ट निर्देश है कि आयोजित होने वाली बैठकों में कार्यकर्ताओं की शत प्रतिशत उपस्थित रहे। अनुपस्थित रहने वाले कार्यकर्ताओं के स्थान पर नए लोगों को मौका मिलेगा। लगातार तीन बैठकों में अनुपस्थित रहने वाले पदाधिकारी को पदमुक्त माना जाएगा। श्री भादू ने आगे चर्चा करते हुए मंडल व बूथ लेवल कमेटियों को भी तैयार रहने के निर्देश दिए। मंडल अध्यक्षों को भी मंडल की बैठक आयोजित करने हेतु निर्देशित किया गया। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के 8व9 अप्रैल को अहमदाबाद में साबरमती के तट पर होने वाले पार्टी के दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन में संगठन सृजन, उसकी मजबूती और सुधार पर विस्तृत चर्चा की जानी प्रस्तावित है । इसे लेकर पार्टी काफी एक्टिव मोड पर नजर आ रही है। अधिवेशन में पार्टी विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा कर मजबूत और प्रभावी रोड मेप तैयार करने के मूड में है ।इस आशय को लेकर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त श्रीगंगानगर जिले के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों के समन्वयकों ने जिले का दौर प्रारंभ कर दिया है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मिर्जेवाला के अध्यक्ष लालचंद मिर्जेवाला ने बताया कि आज दी गंगानगर ट्रेडर्स एसोसिएशन भवन श्रीगंगानगर में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मिर्जेवाला की बैठक हुई । बैठक में प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त सादुलशहर विधानसभा क्षेत्र समन्वयक मूलाराम भादू, संभाग प्रभारी एवं सादुलशहर के पूर्व विधायक एडवोकेट जगदीश चंद्र जांगिड़ के अनुज संजय जॉगीड़, जिला अध्यक्ष अंकुर मिगलानी , पंचायत समिति प्रधान स सुरेंद्र पाल सिंह बराड, जिला परिषद सदस्य सुखप्रीत सिंह, सुभाष भाकर, अजीत सिंह मल्ली सहित सभी पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, जिला परिषद व पंचायत समिति डायरेक्टर, विधानसभा क्षेत्र के जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

संभाग प्रभारी व पूर्व विधायक जगदीश चंद्र जांगिड़ के अनुज संजय जांगिड़* ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस का जमीनी कार्यकर्ता ही पार्टी की रीड है सभी कार्यकर्ताओं को तन मन धन से पार्टी के लिए समर्पित भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। श्री जांगिड़ ने कहा कि पार्टी का यह नवाचार संगठन को और मजबूती प्रदान करेगा। जब पार्टी भूत मंडल ब्लॉक और जिले स्तर पर मजबूत होगी तभी राज्ये और देश में कांग्रेस का एक तरफ डंका बजेगा। प्रधान सुरेंद्र पाल सिंह बराड ने कहा कि अहमदाबाद की साबरमती के तट पर होने वाला यह अधिवेशन देश के राजनीतिक इतिहास में अहम साबित होगा। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों को कमर कस लेने और पार्टी के लिए की जान से जुट जाने की बात कही। *जिला अध्यक्ष अंकुर मिगलानी* ने कहा कि कांग्रेस संगठन की मजबूती के लिए आने वाले दिनों में जमीनी पकड़ बनाने को लेकर पार्टी सेलसिलेवार ढंग से कई कार्यक्रम करने जा रही है ।पार्टी पदाधिकारियों की जिम्मेदारी व जवाबदेही तय करने के लिए देशभर के 700 जिलाध्यक्षों को जल्द ही प्रभावी दिशा निर्देश दिए जाएंगे।इसीलिए प्रत्येक कार्यकर्ता को मजबूती से समर्पित भाव से कार्य करना होगा।

लालचंद मिर्जेवाला ने बताया कि उदयपुर गत अधिवेशन में कांग्रेस संगठन को और मजबूत व सक्रिय करने का प्रस्ताव पारित किया गया था।इसी प्रस्ताव के मध्य नजर केंद्र और प्रदेश सरकार के नेताओं के निर्देशों से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी को अवगत करवाते हुए जनहित के मुद्दों को और प्रभावी तरीके से उठाने के बारे में विस्तार से चर्चा की और रणनीति बनाई। इस बैठक को ब्लॉक अध्यक्ष लालचंद मिर्जेवाला, जिला परिषद सदस्य सुभाष भाकर, सुखप्रीत सिंह धालीवाल,अजीत सिंह मल्ली सहित अनेक कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने संबोधित किया। कार्यक्रम में ब्लॉक संगठन महामंत्री राजेंद्र सिंह बॉबी बराड, जिला महासचिव जितेंद्र उप्पल, सुभाष सुथार, मंडल अध्यक्ष स सुखदेव सिंह भलुरिया, आदराम रिणवॉ, संदीप सधूँ, शंकर बरावड, लखविन्द्र सिंह,सरपंच पक्की जसविन्द्र सिंह गॉधी, कोठा सरपंच अमर सिंह, खाटलबाना सरपंच सीमा देवी, पंचायत समिति सदस्य राज सिंह, लखविन्द्र सिंह, कालू राम, मनीष सुथार, दलजीत सिंह, मखन सिंह डायरेक्टर, सतीश नायक, संदीप सिंह, शेर सिंह, मांगी सहारण, भागीरथ मेघवाल, भागीरथ नायक, राकेश, रमेश राजेंद्र, राजेश महला, राजकुमार सैनी, शंकर गलघट,रामचंद मजोका,मोहित टाक सरपंच तातारसर, अतुल, कृष्ण सिडाना, राजेंद्र मेघवाल, चरणजीत,जिला परिषद पूर्व डायरेक्टर प्रताप लोहिया, रमेश मेघवाल, सुखमन्द्र सिंह डायरेक्टर, दिलजीत सिंह,तरसविन्द्र सिंह बराड, हरदीप सिंह, बृजलाल जॉगीड़, कृष्ण फगोडिया, मूलचंद जांगीड, राजू खोखर मोजपुरा, आत्मप्रकाश, तेजवंत सिंह, धर्मवीर सहारण, जसराम, भोजराज, साधू ाली सरपंच श्रीराम बरावड, शंकर असवाल, देवीलाल सुथार, अजय बीरपाली, रामावतार शर्मा, सुखचरण सिंह बराड सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं की मौजूदगी रही।

# एनसीईआरटी की किताबों के बाहर नहीं है कोई दुनिया




जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** स्थानीय डीएवी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल, हनुमानगढ़ टाउन में करियर काउंसलिंग सेमिनार का आयोजन किया गया। यह सेमिनार आर्य रत्न डॉ0 पूनम सूरी जी (प्रधान, आर्य प्रादेशिक प्रतिनिधि सभा एवं डीएवी कॉलेज प्रबंधकर्त्री समिति, नई दिल्ली) के आशीर्वाद, डॉ वीके चोपड़ा (निदेशक, डीएवी पब्लिक स्कूल, सी.एम.सी) के दिशा-निर्देश, अध्यक्ष रमेश कुमार लिखा के स्नेहिल मार्गदर्शन, क्षेत्रीय संरक्षिका डॉ. सरिता रंजन गौतम एवं प्रबंधक एके शर्मा की देखरेख में तथा प्रधानाचार्य परमजीत कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को दसवीं कक्षा के बाद विषय चयन एवं करियर विकल्पों के प्रति जागरूक करना था। सेमिनार में विद्यार्थियों को उनकी अभिरुचि एवं क्षमता के अनुसार एक उपयुक्त अध्ययन क्षेत्र के चयन के लिए मार्गदर्शन प्रदान किया गया। विषय-विशेषज्ञों ने मेडिकल, नॉन-मेडिकल, कॉमर्स एवं आर्ट्स क्षेत्रों में उपलब्ध संभावनाओं एवं अवसरों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल हनुमानगढ़ जंक्शन की प्राचार्या मीनू गुप्ता, विद्यालय के पूर्व छात्र यश संदीप मित्तल (हनुमानगढ़ के यंगेस्ट सी.ए.), अंकित स्वामी (असिस्टेंट ऑडिटर), तथा शिक्षकगण कपिल देव, लवकेश कुमार, वीरेंद्र चावला, रेखा प्रेमजानी, रचना सैनी एवं रेणु चुघ सहित अनेक अभिभावक उपस्थित रहे। सेमिनार के दौरान प्राचार्या मीनू गुप्ता ने विद्यार्थियों को उनके उद्देश्य एवं लक्ष्यों की स्पष्टता के महत्व पर बल दिया, जिससे वे अपने करियर का उचित चयन कर सकें। पूर्व छात्र यश संदीप मित्तल ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए विद्यार्थियों को सफलता के मार्ग पर प्रेरित किया।

### अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और बुच विलमोर की सफल वापसी पर

# खालसा स्कूल में वृक्षारोपण कार्यक्रम

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** अंतरिक्ष में मानवता के नए अध्याय लिखने वाली प्रसिद्ध अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके साथी बुच विलमोर की सफल वापसी के उपलक्ष्य में श्री गुरु नानक खालसा सीनियर सेकेंडरी स्कूल, श्रीगंगानगर में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस ऐतिहासिक उपलब्धि को चिरस्मरणीय बनाने के लिए विद्यालय में वृक्षारोपण अभियान चलाया गया, जिसमें प्रधानाचार्य सरदार बलदेव सिंह बराड़, उप-प्रधानाचार्या श्रीमती रणदीप कौर, स्टाफ सेक्रेटरी दलजीत सिंह, विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट्स एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।



भारतवंशी मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और उनके मिशन कमांडर बुच विलमोर ने अंतरिक्ष अन्वेषण में एक महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनकी इस सफलता को चिह्नित करने के लिए विद्यालय प्रबंधन ने यह निर्णय लिया कि इस अवसर को न केवल विज्ञान के महत्व को उजागर करने के लिए बल्कि पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए भी उपयोग किया जाए। इसी क्रम में, विद्यालय परिसर में कई प्रजातियों के वृक्षों का रोपण किया गया, जिससे यह दिन न केवल विज्ञान बल्कि प्रकृति के संरक्षण के लिए भी ऐतिहासिक बन गया।

विद्यालय के प्रधानाचार्य सरदार बलदेव सिंह बराड़ ने कहा,कि अंतरिक्ष मिशन न केवल तकनीकी प्रगति का प्रतीक हैं, बल्कि वे समर्पण, साहस और मानवता की विकास यात्रा को भी दर्शाते हैं। सुनीता विलियम्स और बुच विलमोर की यह उपलब्धि हमारे युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। हमें विज्ञान और अनुसंधान के प्रति बच्चों में रुचि विकसित करनी होगी, जिससे वे भी भविष्य में देश और मानवता की सेवा में योगदान दे सकें। उन्होंने आगे कहा कि वृक्षारोपण से हमें यह सीख मिलती है कि जैसे अंतरिक्ष में खोज करना महत्वपूर्ण है, वैसे ही पृथ्वी पर पर्यावरण की रक्षा करना भी हमारा कर्तव्य है।

इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकगण, एनसीसी कैडेट्स, स्काउट्स एवं अन्य छात्रों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया और इस ऐतिहासिक दिन को यादगार बनाया। विद्यालय परिवार ने इस अवसर पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि सुनीता विलियम्स और बुच विलमोर जैसे प्रेरणादायक व्यक्तित्वों से सीख लेते हुए हमारे छात्र भी विज्ञान, अनुसंधान और अंतरिक्ष अन्वेषण में नए आयाम स्थापित करेंगे।

## चिंटेल्स पैराडिसो खाली करने के आदेश

जनमार्ग न्यूज

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम के जिलाधीश एवं जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार ने चिंटेल्स पैराडिसो में रह रहे रेजिडेंट्स को तुरंत प्रभाव से अपने फ्लैट खाली करने के संबंध में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 लागू करने के आदेश दिए हैं। वहीं आरडब्ल्यूए ने जिलाधीश के आदेशों को गलत बताया है। प्रेजीडेंट राकेश हुड्?डा का कहना कि बुधवार को वो अधिकारियों के मिलने गए थे, तब उन्हें फ्लैट खाली नहीं करने की बात कही गई थी। अब इस तरह के आदेश देना गलत है। फरवरी 2022 में सेक्टर 109 स्थित चिंटल्स पैराडिसो का एक टावर गिर गया था। इस पूरी सोसाइटी को खतरनाक घोषित किया जा चुका है और रेजिडेंट्स उचित मुआवजा या फिर अलग से फ्लैट देने की मांग कर रहे हैं।

# राजकीय जिला चिकित्सालय में जल मंदिर का लोकार्पण

जनमार्ग न्यूज

**श्रीगंगानगर।** लॉयन्स क्लब श्रीगंगानगर 'ग्रेटर' द्वारा राजकीय जिला चिकित्सालय में फिल्टर युक्त शीतल जल की सेवा हेतु निर्मित जल मंदिर का प्रांतपाल पीएमजेएफ सुनील अरोड़ा द्वारा लोकार्पण किया गया। अध्यक्ष रमेश चड्ढा ने बताया कि प्रांतीय संदेश 'आओ खुशियां बांटे' के तहत लगाए गए इस जल मंदिर से भीषण गर्मी में स्वच्छ ठंडा जल पीकर मरीजों व उनके परिजनों को बड़ी राहत मिलेगी। जल मंदिर लोकार्पण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रांतपाल पीएमजेएफ सुनील अरोड़ा तथा विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रांतपाल ज्योति कांडा, राजकीय चिकित्सालय पीएमओ डॉ. दीपक मोगा, स्पेशल एग्जीक्यूटिव ऑफिसर एमजेएफ नरेन्द्र चांगिया, रीजन चेयरमैन एमजेएफ नरेंद्र भठेजा, जोन चेयरमैन एमजेएफ हरीश उपनेजा ने लॉयन्स क्लब श्रीगंगानगर




'ग्रेटर' द्वारा सामाजिक सरोकारों में निभाई जा रही अग्रणी भूमिका की मुक्तकंठ से सराहना की तथा इसे समाज के लिए अनुकरणीय मिसाल बताया। इस अवसर पर अध्यक्ष रमेश चड्ढा, सचिव दिनेश चुघ, कोषाध्यक्ष आशीष वधवा, चार्टर सचिव राज सेतिया, चार्टर सदस्य राजेश नागपाल, सुभाष बंसल व मनोहर लाल वाटस, चंद्रमोहन शर्मा, एमपी सिंह, मनीष मदान, दीपक आर्य, रविदत्त शर्मा, डॉ. विष्णु पुरोहित, आईपीपी प्रशांत छोडा, अशोक तिन्ना, आशीष अरोड़ा, श्याम गोस्वामी, केवल सचदेवा, जोन चेयरमैन कुमुद गुप्ता, प्रमोद खारीवाल, ओपी मंगल, आरएस मदान सहित लॉयन्स क्लब श्रीगंगानगर 'ग्रेटर' सहित लॉयन्स क्लबों के पदाधिकारी, सदस्य एवं राजकीय चिकित्सालय के चिकित्सक व स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

## चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया की कार्यकारिणी गठित

जनमार्ग न्यूज

**हनुमानगढ़।** दी इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया (आईसीएआई) की हनुमानगढ़ शाखा के लिए वर्ष 2025-26 की प्रबंध कार्यकारिणी समिति के चुनाव संपन्न हुए, जिसमें सीए ललित गर्ग को अध्यक्ष चुना गया। उनके साथ सीए हर्ष जिंदल को उपाध्यक्ष, सीए कमल जैन को सचिव, सीए रमेश कुमार को कोषाध्यक्ष तथा सीए रमन गर्ग को सी कासा अध्यक्ष सीए यश संदीप मित्तल को एग्जीक्यूटिव सदस्य के रूप में चयनित किया गया। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी के सदस्यों ने इस अवसर पर अपनी प्राथमिकताओं और आगामी योजनाओं को साझा किया। अध्यक्ष सीए ललित गर्ग ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य हनुमानगढ़ शाखा के विकास और समृद्धि के लिए प्रभावी कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि संस्था के उच्चतम हितों को प्राथमिकता देते हुए चार्टर्ड अकाउंटेंट्स के पेशेवर उत्थान और छात्रों की शिक्षा एवं प्रशिक्षण को ब?ावा दिया जाएगा। सचिव सीए कमल जैन ने अपने वक्तव्य में कहा कि हनुमानग? शाखा को एक सशक्त और आधुनिक शिक्षा केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए अनेक नवाचार किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि नए प्रशिक्षण कार्यक्रम, वर्कशॉप, सेमिनार और इंडस्ट्री एक्सपोजर के माध्यम से सीए छात्रों को अधिक व्यावहारिक अनुभव प्रदान करने का प्रयास किया जाएगा। सीए हर्ष जिंदल ने उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी संभालते हुए कहा कि शाखा में पेशेवर नैतिकता, नवीनतम वित्तीय नियमों की जानकारी और तकनीकी दक्षता को मजबूत करने के लिए नए कदम उठाए जाएंगे। कोषाध्यक्ष सीए रमेश कुमार ने कहा कि संस्था की वित्तीय पारदर्शिता को बनाए रखना उनकी प्राथमिकता होगी। सी कासा अध्यक्ष सीए रमन गर्ग ने युवा सीए छात्रों के लिए विशेष प्रशिक्षण और मार्गदर्शन सत्र आयोजित करने की बात कही, जिससे वे अपने करियर में अधिक सफलता प्राप्त कर सकें। वहीं, एग्जीक्यूटिव सदस्य सीए यश संदीप मित्तल ने कहा कि हनुमानग? शाखा को राज्य की अग्रणी शाखाओं में शामिल करने के लिए सामूहिक प्रयास किए जाएंगे। कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने यह आश्वासन दिया कि वे संस्था की गरिमा को बनाए रखते हुए चार्टर्ड अकाउंटेंट्स समुदाय के हित में निरंतर कार्य करेंगे।

# व्यापार मंडल के चुनाव में अध्यक्ष सोनी की जीत पर जश्न मनाया

जनमार्ग न्यूज

**सूरतगढ़।** व्यापार मंडल के चुनाव में अध्यक्ष संजय सोनी ग्रुप की धमाकेदार जीत पर व्यापारियों ने रंग गुलाल उड़ा कर मिठाईयां खिलाकर जश्न मनाया। व्यापार मंडल वर्ष 2025-26 हेतु चुनाव प्रक्रिया के दौरान निर्वाचन अधिकारी दर्शन भगत परनामी, जयप्रकाश सरावगी की देखरेख में व्यापार मंडल भवन में सुबह 10ः00 बजे से दोपहर 2ः00 बजे तक हुए मतदान के बाद दोपहर 3ः00 बजे तक हुए मतदान में व्यापार मंडल के सभी 151 मतदाताओं ने मतदान किया । दोपहर 3ः00 बजे शुरू हुई मतगणना के बाद परिणाम घोषित किए गए। निर्वाचन अधिकारी दर्शन भगत परनामी, जयप्रकाश सरावगी ने बताया अध्यक्ष पद के लिए संजय सोनी ने 94 मत लेकर 38 मतों से जीत दर्ज करवाई। विजय कुमार गोयल को 56 मत और 1 वोट निरस्त किया गया, सचिव पद के लिए भगवान दास बाघला 89 मत लेकर 28 मतों से विजई हुए और विकास चुघ को 61 मत प्राप्त हुए 1 मत निरस्त किया गया । उपाध्यक्ष पद के लिए संजय कुमार व्यास 91 मत लेकर 34 वोट से विजय रहे, दीपक बाबा को 57 मत प्राप्त हुए 3 मत निरस्त किए गए ।



सहसचिव पद के लिए मंजुल भगत 93 मत लेकर 37 वोटो से जीत दर्ज करवाई, विनय जाखड़ को 56 मत प्राप्त हुए 2 मत निरस्त किए गए। कोषाध्यक्ष पद के लिए हेमंत डागा का पहले ही निर्विरोध निर्वाचित हो चुके थे । चुनाव अधिकारी दर्शन भगत परनामी, जयप्रकाश सरावगी ने सभी पदाधिकारी को निर्वाचन प्रमाण पत्र देकर माला पहनकर सम्मान किया। मतदान प्रक्रिया में कृषि उपज मंडी कार्मिक भंवरलाल गोदारा, धनपतराम, किशन लाल स्वामी और कैलाश मीणा, व्यापारी जयप्रकाश सरावगी और व्यापार मंडल मैनेजर विनोद जाजड़ा का विशेष सहयोग रहा । लगातार दूसरी बार निर्वाचित अध्यक्ष संजय सोनी ने मंडी के सभी व्यापारियों और निर्वाचन अधिकारी का आभार प्रकट करते हुए कहा मंडी के सभी व्यापारियों ने मंडी के विकास और काम पर वोट देकर के दोबारा मुझ पर विश्वास जताया है सभी व्यापारियों के सहयोग से मंडी के विकास के लिए काम करूंगा। अध्यक्ष संजय सोनी ग्रुप की धमाकेदार जीत पर मंडी के व्यापारियों ने रंग गुलाल उड़ाकर मिठाइयां बांट करके निर्वाचित सभी पदाधिकारियों का भव्य स्वागत किया।

### जिला कांग्रेस कमेटी की देहात मंडल बैठक

## संगठन को मजबूत करने पर दिया जोर

01

**हनुमानगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी के देहात मंडल की एक महत्वपूर्ण बैठक आज आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुरेंद्र दादरी ने की। इस बैठक में पार्टी संगठन को मजबूती प्रदान करने और आगामी नगर पालिका, पंचायत समिति व जिला परिषद चुनावों में कांग्रेस को सशक्त बनाने पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में पार्टी के विभिन्न स्तरों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक के मुख्य अतिथि हरिराम बन्ना, समन्वयक पीसीसी रहे, जबकि वशिष्ठ अतिथि के रूप में देहात अध्यक्ष सरपंच संदीप सिंह संधू,मनीष मक्कासर (सचिव पीसीसी) तथा भूपेंद्र चौधरी (सदस्य पीसीसी) मौजूद थे। इसके अतिरिक्त, दयाराम जाखड़, पूर्व प्रधान, रामेश्वर चावरिया पीसीसी सदस्य एवं प्रदेश अध्यक्ष एससी विभाग, पवन सेठी महासचिव डीसीसी एवं प्रभारी ब्लॉक देहात, सुखपाल सिंह सचिव डीसीसी प्रभारी ब्लॉक देहात, मनजीत सिंह, सचिव डीसीसी प्रभारी ब्लॉक देहात, जयदेव भि?ासरा, उपाध्यक्ष डीसीसी, करणी सिंह राठौड़ उपाध्यक्ष डीसीसी सहित अन्य कई वरिष्ठ नेता बैठक में शामिल हुए। संगठन को मजबूत करने पर विशेष जोर

बैठक के दौरान कांग्रेस नेताओं ने संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और आगामी चुनावों में पार्टी को सफल बनाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। वक्ताओं ने कहा कि आगामी नगर पालिका, पंचायत समिति एवं जिला परिषद चुनावों में कांग्रेस को अधिक से अधिक सीटें जीतनी होंगी, जिससे पार्टी को मजबूती मिल सके। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को समर्पण और एकजुटता से कार्य करना होगा।बैठक के दौरान उपस्थित अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। मंच संचालन संगठन महामंत्री गुरमीत सिंह चन्दडा ने किया। बैठक में डीसीसी महासचिव बलराज सिंह, रविंद्र बेनीवाल, यशवंत कड़वा, इंद्रजीत शर्मा, प्रवक्ता सरपंच नवनीत संधू, सोशल मीडिया प्रभारी जयराम ढुकिया, कृष्णा पेंटर, सचिन, मांगीलाल स्वामी, नरेंद्र गोदारा, राजेश पुरी, रणवीर

# मुख्यमंत्री की मंशा के अनुसार करें परिवेदनाओं का निस्तारण

## जिला कलक्टर ने प्रकरणों की समीक्षा कर अधिकारियों को दिए निस्तारण के

जनमार्ग न्यूज।



**श्रीगंगानगर।** राजस्थान सरकार की जन भावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं, समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिये जिला स्तरीय जनसुनवाई गुरूवार को कलेक्ट्रेट के वीसी रूम में हुई। इस दौरान जिला कलक्टर डॉ. मंजू ने आमजन की परिवेदनाओं की सुनवाई करते हुए विभागीय अधिकारियों को समयबद्ध रूप से निस्तारण के निर्देश देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप पीड़ित को राहत व संतुष्टि दिलवाना सुनिश्चित करें। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त 120 प्रकरणों पर चर्चा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये। जनसुनवाई के दौरान वीसी के माध्यम से मुख्य सचिव सुंधाश पंत ने संपर्क पोर्टल प्रकरणों की समीक्षा करते हुए आमजन की परिवेदनाओं के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि समस्त प्रकरणों को समयबद्ध रूप से निस्तारित करते हुए परिवादियों को संतुष्टि और राहत मिल सके, ऐसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। विभागीय अधिकारी संपर्क पोर्टल पर औसत निस्तारण दिवस, राहत प्रतिशत एवं राहत संतुष्टि प्रतिशत में सुधार के लिये गंभीरतापूर्वक कार्यवाही करें। जनसुनवाई के साथ-साथ संपर्क पोर्टल पर आने वाले सभी प्रकरणों में संबंधित विभागीय अधिकारियों द्वारा गंभीरतापूर्वक कार्यवाही करते हुए परिवादी को राहत पहुंचाई जाये। जनसुनवाई के दौरान परिवादियों द्वारा बिल में अधिक रीडिंग दर्ज होने की शिकायत करने पर जिला कलक्टर ने विद्युत विभाग के एसई को निर्देशित किया कि संबंधित के विद्युत मीटर की जांच कर आवश्यक नियमानुसार कार्रवाई की जाए। साथ ही उन्होंने पीएम सूर्यघर बिजली योजना का उल्लेख करते हुए परिवादी सहित सभी को उक्त योजना का लाभ लेने के लिए प्रेरित किया। नहर किनारे धार्मिक संरचना निर्माण की शिकायत पर जिला कलक्टर ने कार्रवाई के लिए सादुलशहर उपखंड अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि मौका-मुआयना कर नियमानुसार कार्रवाई सम्पादित की जाए। इस अवसर पर एडीएम प्रशासन सुभाष कुमार, जिला परिषद सीईओ गिरधर, एएसपी रामेश्वर लाल, नगर विकास न्यास सचिव अशोक असीजा, सहायक निदेशक लोक सेवाएं ऋषभ जैन, नगर परिषद आयुक्त रजत यादव, धीरज चावला, विजय कुमार, डॉ. अजय सिंगला, विजय शर्मा, वीआई परिहार, संजय गर्ग, डॉ. नरेश गुप्ता, श्रीमती सुमित्रा बिश्नोई, वीरेन्द्र पाल सिंह, मंगत सेतिया सहित अन्य मौजूद रहे जबकि उपखंड स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े।

# अधेड़ को शादी करवाने का झांसा देकर 1 लाख 10 हजार रूपए की ठग

जनमार्ग न्यूज।




**श्रीगंगानगर।** हनुमानगढ़ जिले के भादरा थाना क्षेत्र में अधेड़ उम्र के एक व्यक्ति की शादी करवाने का झांसा देकर एक महिला ने 1 लाख 10 हजार रुपए ठग लिए और वह गायब हो गई। ठगी के शिकार हुए 43 वर्षीय कैलाश शर्मा निवासी वार्ड नंबर 32 भादरा द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने हरियाणा के हिसार शहर में लाहोरिया चौक के नजदीक गली नंबर 8 के क्वार्टर नंबर 12 की निवासी नीतू (पत्नी महावीर प्रसाद) पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है।पुलिस के अनुसार कैलाश शर्मा ने बताया कि नीतू उसकी परिचित महिला है। वह विगत जनवरी महीने में हिसार गया तो नीतू से मुलाकात हुई। नीतू ने उससे कहा कि उसकी शादी की उम्र निकलती जा रही है। उसने अनेक गरीब लड़कियों की शादी करवाई है। वह उसकी भी किसी लड़की से शादी करवा देगी।नीतू ने बताया कि बिहार के कटिहार जिले में एक गरीब लड़की है, जिसकी शादी का खर्चा उसे ही वहन करना होगा। शादी में गहने भी उसे ही देने होंगे। कैलाश शर्मा के मुताबिक उसने नीतू को भादरा में अपने घर जाकर उसकी मां के साथ बात करने के लिए कहा तो वह 5 फरवरी को भादरा में उसके घर आ गई। नीतू ने बताया कि कटिहार की उक्त लड़की से शादी करवाने के लिए उसे 1लाख 10 हजार रुपए अभी इसी वक्त देने होंगे। इस पर 80 हजार रुपए उसने फोन पर द्वारा नीतू को दे दिए। 30 हजार रुपए अपने एक जानकार से उसे ट्रांसफर करवाए। इसके कुछ दिन बाद नीतू ने उसे कटिहार रेलवे स्टेशन पहुंचने के लिए कहा।वह अपने साथ दो-तीन जनों को लेकर भादरा से कटिहार रवाना हो गया। कटिहार रेलवे स्टेशन पहुंचने पर उसने नीतू को फोन किया तो उसका मोबाइल फोन स्विच ऑफ था। लगातार संपर्क करने पर भी नीतू से बात नहीं हो पाई।वे लोग दो-तीन दिन तक कटिहार में रुके रहे। फिर वापस भादरा आ गए। विगत 18 फरवरी को नीतू का फोन ऑन हुआ उसने नीतू से फिर संपर्क करने की कोशिश की लेकिन संपर्क नहीं हो पाया।नीतू ने उसकी ना तो शादी करवाई और ना ही रुपए वापस किये। पुलिस ने बताया कि मामले की जांच हवलदार जगदीश द्वारा की जा रही है। पुलिस नीतू की तलाश कर रही है।

## बोरिंग करते पाइप पर गिरने से मौत

**श्रीगंगानगर (जनमार्ग न्यूज)।** हनुमानगढ़ जिले के गोगामेडी थाना क्षेत्र के गांव उज्जवलवास में बोरिंग करते पाइप पर गिरने से एक युवक की मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि मृतक जसजीतसिंह जटसिख (38) निवासी डूंगरवास तहसील भादरा जिला हनुमानगढ़ के भाई जितेंद्रसिंह द्वारा दी गई रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज की गई है। जितेंद्रसिंह ने बताया कि उसका बड़ा भाई जसजीतसिंह कल बुधवार को उज्जवलवास के वाटर वर्क्स परिसर में बोरिंग मशीन पर मजदूर के रूप में अमरसिंह निवासी ख्याली तहसील सादुलपुर जिला चूरू के साथ काम कर रहा था।

## स्प्रे पीने से युवक की मौत

जनमार्ग न्यूज।

**श्रीगंगानगर।** जिले के दूरवर्ती रावला थाना क्षेत्र में एक युवक की स्प्रे पीने से मृत्यु हो गई। पुलिस के अनुसार चक 3-केएचएम निवासी गोपालराम मेघवाल (25) ने 7 मार्च की शाम 7-8 बजे के दौरान स्प्रे का सेवन कर लिया। घर वालों ने उसे 9 मार्च को घडसाना के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया। इससे पहले वे उसका कहीं और इलाज करवाते रहे।घडसाना हॉस्पिटल में डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए बीकानेर रैफर कर दिया। बीकानेर में उसकी परसों मृत्यु हो गई।मृतक गोपाल अविवाहित था। वह मजदूरी करता और शराब पीने का आदी था। उसके भाई हीरालाल मेघवाल (28)द्वारा दी गई रिपोर्ट पर मर्ग दर्ज कर स्प्रे पीने के कारण की जांच की जा रही है।

## दो युवतियां हैरोइन रखने के आरोप में गिरफ्तार

जनमार्ग न्यूज।



**हनुमानगढ़।** जिले के नोहर शहर में पुलिस ने दो युवकों को अवैध रूप से हैरोइन रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है श।पुलिस अधीक्षक अरशद अली ने बताया कि नोहर सेक्टर के जिला विशेष दल (डीएसटी) के सहयोग से सब इंस्पेक्टर राजपालसिंह की टीम ने कल देर शाम को मीनू मोची (28) पत्नी रवि कुमार और कोमल धाणक (23) पत्नी सोनू निवासी वार्ड नंबर 12 को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से 15 ग्राम हैरोइन बरामद हुई। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। इन युवतियों को पकड़ने वाली टीम में एएसआई छोटूराम, सिपाही कुलदीप, मुकेश, श्रीमती सुनीता और मुख्तियारसिंह हवलदार भी शामिल रहे। दोनों युवतियों के खिलाफ पूर्व में भी मादक पदार्थ अवैध रूप से रखने के मामले दर्ज हैं।पुलिस इनसे बरामद हुई हैरोइन के बारे में पूछताछ कर रही है।

## तीन ग्राम हीरोइन सहित युवक गिरफ्तार

**श्रीगंगानगर।** जवाहरनगर थाना पुलिस ने एक युवक को अवैध रूप से 3 ग्राम हैरोइन रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है। मीरा चौक पुलिस चौकी प्रभारी सब इंस्पेक्टर बलवंत की टीम ने कल शाम को मौसम विभाग रोड पर ओवरब्रिज के पास रोहित (पुत्र बलदेवसिंह) निवासी छजगिरिया मोहल्ला को काबू किया। उसके कब्जे से 3 ग्राम हैरोइन (चिट्टा) बरामद हुआ।उसके विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। आगे जांच सब इंस्पेक्टर राजकुमार मजोका द्वारा की जा रही है।

## उप जिला कलक्टर को ग्रामीण ने सौंपा ज्ञापन

**रायसिंहनगर (जनमार्ग न्यूज)।** गावं 22 एनपी के ग्रामीण नई ग्राम पंचायत बनाने के संबंध में मांग पत्र का ज्ञापन उप जिला कलेक्टर रायसिंहनगर को दिया जाएगा ।ग्रामीण बाबा जयपाल सिंह ने बताया कि पूर्व में ग्रामीण मिलकर एसडीएम साहब रायसिंहनगर को एक मांग पत्र का ज्ञापन नई पंचायत 22 एन पी बनाने के संबंध में दिया था सूत्रों द्वारा ज्ञात हुआ है कि 22 एनपी को नई पंचायत 19 एनपी में जोड़ने का प्रस्ताव भेजा जा रहा है इस पर ग्रामीणों का भारी रौष है कि 22एन पी को नई ग्राम पंचायत का दर्जा दिया जाएं अन्नथा 22 एन पी को यथा स्थिति करडवाली ग्राम पंचायत में ही रखा जाए। प्रीतम सिंह ग्रंथी, मुख्तियार सिंह एडवोकेट, मलकीत सिंह, मनजीत सिंह, बंटू, सुरेंद्र सिंह, जसविंदर सिंह, सतनाम सिंह, कुलवंत सिंह, सोहनसिंह ,बलकार सिंह, दर्शन सिंह बावरी (पंचायत समिति सदस्य)ग्रामीणों ने रौष प्रकट करते हुए कहा कि आज से पुर्व 50 वर्षों से गांव 22एन पी हर सत्तर से पिछडा हुआ है कोई गांव का विकास नहीं हो रहा है बड़े- बड़े गांव अपने- अपने गांवों के विकास की बात करते हैं।

## घड़साना में अवैध हथियारों और हैरोइन समेत चार काबू

जनमार्ग न्यूज।




**श्रीगंगानगर।** घडसाना में पुलिस ने कल रात तीन युवकों को अवैध हथियारों सहित तथा एक युवक को अवैध हैरोइन सहित गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी सीआई महावीरप्रसाद ने बताया कि राजविंदरसिंह जटसिख (19) निवासी रावला के कब्जे से 32 बोर का एक पिस्टल मिला। रावला के नंदराम नायक (27) के पास 32 बोर के दो कारतूस मिले हैं। चक 6-एमडी घडसाना निवासी सचिन नायक के पास 12 बोर के दो जीवित कारतूस मिले। इनके विरुद्ध आर्म्स एक्ट में अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए गए हैं। इसके अलावा सब इंस्पेक्टर भोलाराम ने धक्का बस्ती में चंद्रभान नायक निवासी चक 6- एलएसएम बांडा को मोटरसाइकिल पर जाते हुए पकड़ा। उसके पास 10 ग्राम हैरोइन बरामद हुई। उस पर एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## युवक के सिर में रॉड मारकर किया घायल

जनमार्ग न्यूज।

**श्रीगंगानगर।** सदर थाना अंतर्गत मुरारी कॉलोनी में एक युवक को सिर में रॉड मारकर घायल कर दिया गया।पुलिस के मुताबिक मुरारी कॉलोनी निवासी पवन सोनी द्वारा दी गई रिपोर्ट के आधार पर काकू और गग्गी आदि एक दर्जन से अधिक युवकों के विरुद्ध रोककर मारपीट करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया गया है।पवन सोनी ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि वह 15 मार्च की रात को तहत बाजारी में अपनी दुकान मंगल कर मुरारी कॉलोनी घर जा रहा था। वह घर के समीप पहुंचा तो काकू और गग्गी आदि 10-12 युवक खड़े थे, जिन्होंने रोक कर मारपीट की। इनमें से एक युवक ने उसके सिर में लोहे की रोड से वार कर दिया, जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया।उसे घायल अवस्था में छोड़कर उक्त युवक फरार हो गए।

## डोडा पोस्त चूरा की सप्लाई करने वाला सप्लायर गिरफ्तार

जनमार्ग न्यूज।



**श्रीगंगानगर।** अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त चूरा की सप्लाई करने वाले सप्लायर को पुतिलस ने बीकानेर से गिरफ्तार किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए उप महानिरीक्षक पुलिस सह जिला पुलिस अधीक्षक गौरव यादव ने बताया कि श्रीगंगानगर जिले को नशा मुक्त बनाने के लिए जिला प्रशासन व जिला पुलिस के संयुक्त तत्वावधान मे युवाओ को नशे की दलदल से बाहर निकालने के लिए चलाये जा रहे ऑपरेशन सीमा संकल्प के अन्तर्गत जिला पुलिस द्वारा मेडिकेटड नशा, मादक पदार्थों के खिलाफ तथा मादक पदार्थों में संलिप्त अपराधियों की धरपकड़ व अवैध हथियारों की धरपकड़ तथा अपराधों की रोकथाम व अपराधियों की धरपकड हेतु विशेष अभियान के तहत कार्यवाही की जा रही है। इसी के अन्तर्गत सेतिया चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक रामेश्वरलाल बिश्नोई ने मय बलवन्त कानि, सुभाषचन्द्र कानि के पुलिस थाना जवाहरनगर के मुकदमा नंबर 143 / 2025 धारा 8/15,25,29 एनडीपीएस एक्ट में बरामद अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त चूरा की सप्लाई करने वाले सप्लायर आरोपी कैलाश गोदारा पुत्र पतराम गोदारा निवासी गांव माडिया पुलिस थाना नोखा जिला बीकानेर को आरोपी के गांव माडिया से गिरफ्तार किया है। आरोपी कैलाश गोदारा अवैध मादक पदार्थो की तस्करी करने का आदतन अपराधी है। जिसके विरूद्ध पुलिस थाना नोखा मे पूर्व मे 02 प्रकरण दर्ज है। आरोपी से अवैध मादक पदार्थ की खरीदफरोक्त के संबध में अनुसंधान किया जा रहा है।

## सन्नी हत्याकांड का एक और आरोपी गिरफ्तार


जनमार्ग न्यूज।

**श्रीगंगानगर।** केसरीसिंहपुर में पिछले वर्ष मई महीने में दो पक्षों के बीच हुए झगड़े में सिर में ईंट लगने से सन्नी नामक एक किशोर की मौत होने की घटना में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि चक 54 एफ-बी निवासी रणजीत पुत्र जोगिंदर शपाल को गिरफ्तार किया गया है जो कि वारदात के बाद से लगातार फरार था। पुलिस उसकी निरंतर तलाश कर रही थी। वह कल शाम अपने चक 54 एफ-बी में ही पकड़ा गया। उसे आज अदालत में पेश किया गया। इस हत्याकांड में चार आरोपी पूर्व में पकड़े जा चुके हैं।एक दो आरोपी अभी भी फरार हैं। पिछले वर्ष मई महीने में एक भूखंड के कब्जे कोई विवाद को लेकर दो पक्षों में टकराव हो गया था। दोनों पक्षों की तरफ से मारपीट की गई और पथराव किया गया। इसी दौरान सन्नी नामक एक किशोर के सिर में ईट आकर लगी, जिससे वह गंभीर घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया,जिसकी दो दिन बाद मृत्यु हो गई थी।

# वकालत करनी है तो एआईबीई परीक्षा पास करनी ही होगी

## बार कौंसिल ऑफ़ राजस्थान द्वारा परीक्षा पास नहीं करने वाले श्रीगंगानगर के 528 वकीलों की सूची जारी

जनमार्ग न्यूज।




**श्रीगंगानगर।** विधि स्नातक (ला डिग्री) करने के पश्चात बार संघ में अपना पंजीयन (एनरोलमेंट) करवाने के 2 वर्ष के भीतर अगर अखिल भारतीय बार परीक्षा ( एआईबीई ) उत्तीर्ण नहीं की है तो वह अब वकालत नहीं कर पाएगा। बार कौंसिल ऑफ़ इंडिया के कड़े निर्देशों के तहत बार काउंसिल आफ राजस्थान ने प्रदेश में सभी बार संघों में ऐसे अधिवक्ताओं की सूचियां जारी की हैं, जिन्होंने 1 जुलाई 2010 के बाद ला की डिग्री की है और एनरोलमेंट करवा रखा है, मगर उक्त परीक्षा उन्होंने पास नहीं की हुई। ऐसे अधिवक्ताओं को वकालत करने से तुरंत रोक दिया गया है। इसी क्रम में बार काउंसिल आफ राजस्थान ने श्रीगंगानगर बार संघ में एनरोलमेंट करवाने के बाद यह परीक्षा उत्तीर्ण नहीं करने वाले 528 अधिवक्ताओं की सूची जारी की है। सूची को बार ऑफिस के नोटिस बोर्ड पर चस्पां किया गया है। इस कड़े निर्देश से अधिवक्ताओं में हड़कंप मच गया है। बार ऑफिस से हासिल जानकारी के मुताबिक उक्त 528 अधिवक्ताओं की सूची बार काउंसिल आफ राजस्थान ने जारी की है, जिसे नोटिस बोर्ड पर चस्पां किया गया है। उधर, बार संघ के अध्यक्ष जसवंत भादू एडवोकेट ने बताया कि उक्त सूची में ऐसे अधिवक्ता के नाम भी हैं, जिन्होंने बार में एनरोलमेंट करवाए अभी 2 वर्ष भी नहीं हुए हैं। जिन अधिवक्ताओं को एनरोलमेंट करवाए 2 वर्ष भी नहीं हुए हैं, उनको फिलहाल इतनी ही राहत है कि वह वकालत कर सकते हैं लेकिन 2 वर्ष पूर्ण होने से पहले उनको यह परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी, नहीं तो वे भी वकालत नहीं कर पाएंगे। जानकारी के मुताबिक जिन अधिवक्ताओं को अभी एनरोलमेंट करवा 2 वर्ष भी नहीं हुए हैं, उनकी संख्या 70 से 80 है। 528 अधिवक्ताओं में भी कुछ ऐसे अधिवक्ता भी हैं जिन्होंने उक्त परीक्षा तो उत्तीर्ण कर रखी है, लेकिन परीक्षा परिणाम का सर्टिफिकेट नहीं दिया है। ऐसे अधिवक्ता अब अपना सर्टिफिकेट ऑफिस में जमा करवा रहे हैं। कुछ अधिवक्ता उन्हें परीक्षा दे रखी है लेकिन अभी परिणाम घोषित नहीं हुआ है।मगर फिर भी उक्त 528 अधिवक्ताओं में आधे से अधिक अधिवक्ता हैं, जिन्होंने उक्त परीक्षा पास नहीं की है। लिहाजा जब तक वे परीक्षा पास नहीं करते, तब तक वकालत नहीं कर सकते।उनको अब परीक्षा पास करनी ही होगी। यह परीक्षा वर्ष में दो बार आयोजित की जाती है। पिछली बार दिसंबर महीने में परीक्षा हुई थी। विधि विशेषज्ञों के मुताबिक अब अगर यह परीक्षा उत्तीर्ण किए बिना कोई अधिवक्ता वकालत करते पाया गया तो उसकी सनद रद्द हो सकती है। बार कौंसिल ऑफ़ इंडिया ने यह परीक्षा पास करना अधिवक्ताओं के लिए एक जुलाई 2010 को अनिवार्य किया था, लेकिन अब इसे सख्ती से लागू किया जा रहा है।

## परिवार गया था खेत, किसान ने की आत्महत्या



### लोन लेकर खरीदा ट्रैक्टर, किश्तें नहीं चुका पाया

जनमार्ग न्यूज।

**अबोहर।** फाजिल्का में अबोहर के गांव दानेवाला सतकोसी में एक 45 वर्षीय किसान रणजीत सिंह ने अपने घर में फांसी लगाकर जान दे दी। रणजीत सिंह तीन बच्चों के पिता थे। घटना देर रात की है। रणजीत सिंह ने 25 दिन पहले ही लोन लेकर नया ट्रैक्टर खरीदा था। ट्रैक्टर की पहली किस्त का भुगतान भी अभी नहीं हुआ था। वह दिहाड़ी मजदूरी करके अपना परिवार चला रहे थे। घटना के दिन रणजीत का पूरा परिवार पास के गांव में सरसों की कटाई के लिए गया था। रात को जब परिवार वापस लौटा तो रणजीत का कमरा बंद मिला। दरवाजा खटखटाने पर कोई जवाब नहीं मिला। परिजनों ने खिड़की से देखा तो रणजीत फंदे पर लटके हुए थे। परिवार ने तुरंत दरवाजा तोड़कर उन्हें बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। थाना खुईयां सरवर पुलिस ने बीएनएस की धारा 194 के तहत कार्रवाई करते हुए शव को अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवा दिया है।

प्रकाशक, मुद्रक एवं स्वत्वाधिकारी हरीसिंह मेहरा द्वारा राहुल ऑफसैट प्रिन्टर्स गुलजार भवन, 47 गणेश विहार द्वितीय, जस्सा सिंह मार्ग के पास श्रीगंगानगर 335001 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक : हरीसिंह मेहरा, 94140-87692, फैक्स : 0154-2970692